E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
4 अक्टूबर, 2026
रविवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 81 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | सोच नई, राजस्थान के लिए | मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

44 साल में पहली बार करिश्मा

भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने एक साथ एशियाड में जीता सोना, ओलंपिक कोटा भी मिला

दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : 2023 में 28 जीते थे इस बार कुल 85 मेडल, टैली में चौथा स्थान

पुरुष हॉकी टीम
फाइनल में मलेशिया को 5-1 से हराया

एशियाड में भारत 21 गोल्ड जीता

पुरुष क्रिकेट टीम
फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराया

प्रणवी उर्स
गोल्फ महिला व्यक्तिगत (पहली भारतीय महिला गोल्फर)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने एशियन गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। 1982 में महिला हॉकी के एशियाड में आने के बाद यह पहली बार है जब दोनों भारतीय टीमों ने एक ही एशियन गेम्स में गोल्ड जीता और इसी के साथ लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 का टिकट भी हासिल किया।

भारतीय हॉकी के लिए एशियन गेम्स 2026 ऐतिहासिक बन गया है। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने एक ही एशियाड में स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया। इसके साथ ही दोनों टीमों ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए सीधे क्वालीफाई भी कर लिया। 1982 से महिला हॉकी एशियन गेम्स का हिस्सा है, जबकि पुरुष हॉकी 1958 से एशियन गेम्स का हिस्सा है। 1982 से अब तक 44 साल में यह पहली बार है जब भारत की पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों ने एक ही एशियन गेम्स में स्वर्ण जीता और साथ-साथ ओलंपिक का टिकट कटाया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में मौजूदा चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत की ओर से लालरेमसियामी ने अपने 200वें अंतरराष्ट्रीय मैच में 10वें मिनट में मैदानी गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारतीय डिफेंस ने चीन के लगातार हमलों का मजबूती से सामना किया।

ब्रीफ न्यूज

नायरा एनर्जी ने बढ़ाए पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली। निजी ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर बढ़ोतरी की है। कंपनी ने पेट्रोल के दाम 5 रुपए और डीजल के दाम 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए हैं। नई दरें 3 अक्टूबर से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। अब पेट्रोल 100.71 रुपए और डीजल 91.31 रुपए प्रति लीटर के भाव मिलेगा। इस बढ़ोतरी का कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेलकी कीमतों में आई तेजी है।

43वीं मंजिल से कूदा युवक शरीर के हो गए कई टुकड़े

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-94 में एक ऊंची इमारत से गिरकर युवक की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान संभव जैन के रूप में हुई है, जो हरियाणा के गुरुग्राम स्थित आईएमटी मानेसर का रहने वाला था। संभव पिछले चार दिनों से घर से गायब था और आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहा था। पुलिस को उसके पिता के साथ हुई कुछ चैट भी मिली हैं। मौत के पीछे की असली वजह पता नहीं चली।

» अंदर विशेष

▪ **जनपक्ष 2.0: मोबाइल पत्रकारिता को मिला मंच, 12 MoJo पत्रकार सम्मानित, ₹21 लाख का फंडिंग पूल**

...पढ़े पेज 2 पर

राजस्थान की 'पंचायती' शुरू

4 चरणों में पंचायत चुनाव: 20 नवंबर को आएगा परिषद और पंचायत समिति सदस्य का रिजल्ट, 16 नवंबर तक होंगे सरपंच के चुनाव

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान में शनिवार को पंचायत चुनावों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता लग गई। राज्य निर्वाचन आयोग 4 चरणों में चुनाव संपन्न कराएगा। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के पहले चरण के तहत 23 अक्टूबर, दूसरे चरण में 29 अक्टूबर, तीसरे चरण में 4 नवंबर, चौथे चरण में 14 नवंबर को वोटिंग होगी। 20 नवंबर को परिणाम आएंगे। 37 जिलों में 25 नवंबर को जिला प्रमुख और 27 नवंबर को प्रधान का चुनाव होगा। 26 नवंबर को उपजिला प्रमुख और 28 नवंबर को उपप्रधान का चुनाव होगा।

कोटा, श्रीगंगानगर, बारां और करौली जिलों में प्रमुख और प्रधानों का कार्यकाल दिसंबर 2026 में पूरा होगा। यहां जिला प्रमुख और प्रधान का चुनाव बाद में होगा। हालांकि जिला परिषद के मेंबर और पंचायत समिति मेंबर के चुनाव अन्य जिलों के साथ ही होंगे।

इसी प्रकार सरपंचों के चुनाव भी 4 चरणों में होंगे। पहले चरण में 25 अक्टूबर, दूसरे चरण में 31 अक्टूबर, तीसरे चरण में 6 नवंबर और चौथे चरण में 16 नवंबर को वोटिंग होगी। तीसरे चरण में 3605 ग्राम पंचायतों में धरतेरस पर वोटिंग होगी। वोटिंग के दिन ही देर रात तक नतीजे घोषित होंगे। पंचायतीराज चुनाव में 51.82% पुरुष और 48.18% महिला वोटर हैं। 41 जिलों में जयपुर में सबसे ज्यादा 18.99 लाख वोटर और जैसलमेर में सबसे कम वोटर 4.36 लाख हैं। महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण है। वहीं इस बार मतदाताओं को दो दिन में ही दूसरी बार वोट डालना पड़ेगा। जिला परिषद सदस्य और पंचायत समित सदस्य का मतदान एक साथ होगा। वहीं इसके दो दिन बाद पंच-सरपंच का चुनाव होगा।

जयपुर: 4 चरण में चुनाव

राजस्थान के 37 जिलों में 50 दिन तक चुनावी प्रक्रिया जारी रहेगी। 8 अक्टूबर से 28 नवंबर तक पंचायतीराज चुनाव के अलग-अलग चरण होंगे। जयपुर में सबसे ज्यादा चार चरण में चुनाव होंगे। जैसलमेर, फलोदी और सलूंबर में एक चरण में, झुंझुनूं, करौली, सीकर, बांसवाड़ा, बीकानेर, जालोर और उदयपुर में तीन चरण और 30 जिलों में दो चरण में चुनाव होंगे।

ग्रामीण इलाकों में उद्घाटन, शिलान्यास नहीं होंगे

आयोग के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही ग्रामीण इलाकों में आचार संहिता लग गई। तबादलों पर पाबंदी लग गई। मंत्री अब अपने इलाकों में सरकारी गाड़ी से नहीं जा सकेंगे और सरकारी गेस्ट हाउस व डाक बंगलों में नहीं ठहर सकेंगे। सरकार नई योजनाओं और कार्यक्रमों की घोषणा नहीं कर सकेगी। पहले से चल रहे काम जारी रह सकेंगे, जिन टेंडरों का काम पहले से प्रक्रिया में है, उन पर रोक नहीं होगी। आचार संहिता में ऐसी कोई सरकारी घोषणा नहीं हो सकती जिससे वोटर प्रभावित हो। इन चुनावों में 1.69 लाख नए पंचायतीराज जनप्रतिनधि चुने जाएंगे।

सीमा पर गोलीबारी, पाकिस्तान में भारतीय राजनयिक तलब

इस्लामाबाद। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने शनिवार को भारतीय राजनयिक को तलब किया। पाकिस्तान ने पंजाब के तरनतारन में भारत-पाक सीमा पर दो लोगों की मौत पर विरोध जताया। पाकिस्तान का दावा है कि दोनों पाकिस्तानी नागरिक थे। सीमा सुरक्षा बल (BSF) की गोलीबारी में मारे गए।

इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी पाकिस्तान हाई कमीशन के चार्ज डी'अफेयर्स को तलब कर लगातार हो रही सीमा पार घुसपैठ पर आपत्ति जताई। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक ये लोग भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे थे। चेतावनी देने के बाद BSF ने गोली चलाई। भारत ने पाकिस्तान की ओर से लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 3 लोग पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सीमा में घुसे। BSF ने उन्हें कई बार वापस पाकिस्तान लौटने की चेतावनी दी।

राहुल गांधी का सत्याग्रह कैंपेन, कहा- समस्याएं भेजें

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने शनिवार को सत्याग्रह कैंपेन शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं, वे अपनी कहानी भेजें। मैं नेता विपक्ष के रूप में संसद से लेकर सड़क तक आपके साथ खड़ा हूं। राहुल ने X पर लिखा- देशभर में लोग अपने हक के लिए लड़ रहे हैं और अक्सर अकेले लड़ रहे हैं। जेन-जी, छात्र, किसान, आदिवासी, दलित, महिलाएं। हर संघर्ष की अपनी कहानी है। पर जो आवाज अकेली उठती है, वो अक्सर दब जाती है।

राहुल ने लिखा- सत्याग्रह इन्हीं आवाजों को एक साथ लाने की पहल है। बापू ने यही सिखाया था - सच सबसे बड़ा हथियार है। पर उससे भी बड़ा हथियार है, एकता में सच के साथ खड़े होना। अगर आप भी किसी अन्याय से लड़ रहे हैं - अपनी कहानी भेजिए। दो मिनट लगेंगे।

राहुल के इस कैंपेन का नाम महात्मा गांधी के 'सत्याग्रह' से जुड़ा है। आजादी की लड़ाई के दौरान गांधीजी ने भी यही तरीका अपनाया था। गांधी हेरिटेज पोर्टल के मुताबिक, उस समय लोगों ने गांधीजी को जमीन, संपत्ति, जेल और अन्याय से जुड़े मामलों की जानकारी भेजी थी। गांधीजी को भेजे गए 8,500 से ज्यादा लेटर आज भी मौजूद हैं। हालांकि, वास्तविक संख्या ज्यादा हो सकती है।

OpenAI के सेफ्टी एक्सपर्ट ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली। ChatGPT बनाने वाली कंपनी OpenAI के सेफ्टी एक्सपर्ट डेविड रॉबिन्सन ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियां नया AI बनाने की होड़ में बहुत जल्दबाजी कर रही हैं और इससे जुड़े बड़े खतरों को नजरअंदाज कर रही हैं। रॉबिन्सन ने अमेरिका की 'द अटलांटिक' मैगजीन में एक लेख में लिखा कि AI कंपनियां आम लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। AI को आम सॉफ्टवेयर की तरह नहीं, बल्कि न्यूक्लियर पावर प्लांट की तरह संभालना चाहिए। जैसे न्यूक्लियर पावर प्लांट में सुरक्षा के ढेरों इंतजाम होते हैं और हर काम बहुत सोच-समझकर किया जाता है।

दिल्ली पुलिस अफसर पर महिला पत्रकार से बदसलूकी का आरोप

दावा- सीने पर हाथ मारा; FIR को लेकर घंटों प्रदर्शन, राहुल गांधी बोले- शाह जवाब दें

नई दिल्ली। दिल्ली में जंतर-मंतर पर एक महिला पत्रकार ने दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि AISA की अध्यक्ष नेहा बोरा को हिरासत में लेने के दौरान ACP विवेक भगत ने उसके सीने पर हाथ मारा और धक्का देकर वहां से भाग गया।

रात करीब 11 बजे कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने महिला पत्रकार का वीडियो शेयर किया। वीडियो में महिला कहती है कि वह साढ़े 3 घंटे से वहां बैठी हैं, लेकिन अब तक FIR दर्ज नहीं की जा रही है। FIR दर्ज कराने की मांग को लेकर सैकड़ों पत्रकार पार्लियामेंट्री स्ट्रीट थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने X पर गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा। उन्होंने कहा- पूरी दिल्ली की महिलाएं, छात्राएं अपनी सुरक्षा को लेकर घबराहट में हैं, सत्याग्रह कर रही हैं। दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन है। अमित शाह को जवाब देना चाहिए। CJP ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न के मामले में FIR दर्ज करने से इनकार कर दिया है। पुलिस का कहना है कि FIR दर्ज करने से पहले वह CCTV फुटेज की जांच करेगी।

दूसरे दिन जंतर-मंतर पहुंचे प्रदर्शनकारी, 200 हिरासत में

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर शनिवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शनकारी पहुंचे। इनमें AISA समेत छात्र संगठनों और सिविल सोसाइटी से जुड़े लोग शामिल थे। इस दौरान करीब 200 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया। प्रदर्शनकारी पटेल चौक से जंतर-मंतर की ओर मार्च करते हुए पहुंचे। जंतर-मंतर तक पहुंचने से रोकने के लिए पुलिस और पैरामिलिट्री बलों ने बैरिकेड लगाए थे और अतिरिक्त जवान तैनात किए थे।

रिलायंस आंध्रा में 1 लाख करोड़ का निवेश करेगी

नई दिल्ली। रिलायंस आंध्र प्रदेश में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस प्रोजेक्ट से राज्य में 3 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां मिलेंगी और आने वाले समय में आंध्र प्रदेश सरकार को लगभग 60,000 करोड़ रुपए का रेवेन्यू मिलेगा। कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने आज यानी 2 अक्टूबर को मदनपल्ले में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। वे 'रायलसीमा हॉर्टिकल्चर हब' और 'इंडियन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर' के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान अनंत अंबानी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू से भी मुलाकात की।

बहादुरी को सलाम | इजरायली सुरक्षा एजेंसियों पर नियमों के उल्लंघन के गंभीर सवाल

बैन के बावजूद 12 ओमानी पायलट पहले भी उड़ा चुके विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्लाईदुबई फ्लाइट में हुई घटना ने इजरायल की सुरक्षा एजेंसियों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली अधिकारियों से कड़े सवाल पूछे जा रहे हैं कि ओमानी पायलट तेल अवीव कैसे आ पाए। इजरायल की एयरलाइंस में उन देशों के पायलटों पर रोक है जिनके इजरायल के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं, तो फिर आखिर फ्लाईदुबई फ्लाइट में ओमान का पायलट कैसे आ पाया। दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाइट में भारतीय पायलट स्मित माच्छर थे और को-पायलट के तौर पर ओमान का हमम अल-हम्मामी था। ओमान के पायलट ने प्लेन को क्रैश कराने की कोशिश की, लेकिन भारतीय पायलट ने को-पायलट के मंसूबों को विफल कर दिया और 174 यात्रियों की जान बचा ली। इस घटना के बाद से ही यह मामला सामने आया कि ओमान के इजरायल के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं, तो फिर ओमान का पायलट, इजरायल जा रही फ्लाइट में क्या कर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 के अब्राहम समझौते के बाद बने नियमों के तहत, उन देशों के पायलटों पर इजरायल में उड़ान भरने की रोक है जिनके इजरायल के साथ संबंध नहीं हैं।

कैप्टन स्मित से मिलने अस्पताल पहुंचे दुबई के क्राउन प्रिंस, गले लगाकर जताया आभार

दुबई। दुबई के क्राउन प्रिंस, शेक हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने भारतीय पायलट और फ्लाईदुबई के हीरो स्मित माच्छर से मुलाकात की। माच्छर का दुबई के अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय पायलट स्मित से मुलाकात के बाद दुबई के प्रिंस ने एक्स पर लिखा, 'हमारी और देश के नेतृत्व की ओर से, उन्हें हमारी पूरी सराहना और तारीफ मिलती है। हमें गर्व है कि वह हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और उस चीज का हिस्सा हैं जिसके लिए यूएई खड़ा है। दया का देश, शांति का देश और जीवन का देश।'

इजरायल की ओमान के पायलटों पर रोक

रिपोर्ट के मुताबिक, शिन बेट सुरक्षा सेवा ने फ्लाईदुबई के पायलटों की राष्ट्रीयता या बैकग्राउंड की अलग से जांच नहीं की। इसके बजाय, उसने एयरलाइन से कहा था कि वे उन देशों के पायलटों का इस्तेमाल न करें जिनके इजरायल के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं।

इलॉन मस्क का भारतीय मूल की गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप

शिवॉन बोलीं- पिछले हफ्ते आई लव यू कहा था, अचानक ब्रेकअप

नई दिल्ली। टेस्ला कंपनी के मालिक इलॉन मस्क का उनकी भारतीय मूल की गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हो गया है। न्यूरालिंक की एग्जीक्यूटिव शिवॉन जिलिस ने मस्क के साथ ब्रेकअप होने की पुष्टि की है। दोनों के साथ में 4 बच्चें हैं। उन्होंने शुक्रवार को X पर पोस्ट कर बताया कि मस्क ने एक हफ्ते पहले ही आई लव यू कहा था लेकिन उन्होंने अचानक ब्रेकअप कर लिया। उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी पहले से कोई वॉर्निंग नहीं मिली थी।

जिलिस ने कहा- मैं इस ब्रेकअप से दुखी हूं, लेकिन मस्क की अब भी बहुत परवाह करती हूं। मैं चाहूंगी कि वे हमेशा खुश रहें। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों आगे भी अच्छे दोस्त रहेंगे और अपने बच्चों की साथ में परवरिश करेंगे। जिलिस ने मस्क के साथ हुई चैट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया। इसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भी जिक्र है। मस्क ने लिखा- मुझे पता नहीं था कि शी जिनपिंग से जुड़े इस डिनर में पार्टनर्स को भी बुलाया गया है। मुझे पता होता तो मैं तुम्हें जरूर बुलाता।

जिलिस ने मस्क के साथ हुई चैट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया। इसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भी जिक्र है। मस्क ने लिखा- मुझे पता नहीं था कि शी जिनपिंग से जुड़े इस डिनर में पार्टनर्स को भी बुलाया गया है। मुझे पता होता तो मैं तुम्हें जरूर बुलाता।

गर्वित शर्मा और सचिन रुंदला बने Special MoJo Funding Programme के विजेता

जनपक्ष 2.0: मोबाइल पत्रकारिता को मिला मंच, 12 MoJo पत्रकार सम्मानित, ₹21 लाख का फंडिंग पूल

थिंक राजस्थान • जयपुर

गांधी जयंती के दिन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में डॉ. सहदेव चौधरी फाउंडेशन ने जनपक्ष 2.0 MoJo Funding Programme का आयोजन किया। राजस्थान और देश के अलग-अलग हिस्सों से मोबाइल पत्रकार, डिजिटल मीडिया प्रोफेशनल्स, कंटेंट क्रिएटर्स और पत्रकारिता के विद्यार्थी इसमें जुटे। आयोजन का मकसद स्वतंत्र और जमीनी पत्रकारों को मंच देना और डिजिटल पत्रकारिता में नए अवसर खोलना था। राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहे और राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने अध्यक्षता की। फाउंडेशन के संस्थापक वीरेंद्र चौधरी और फर्स्ट इंडिया न्यूज के निदेशक महिपाल सिंह भी मौजूद रहे।

जनपक्ष 2.0 के तहत शुरू हुए MoJo Funding Programme के लिए कुल ₹21 लाख का फंडिंग पूल रखा गया है। चयनित प्रतिभागियों को अपना स्वतंत्र डिजिटल न्यूज़रूम और मोबाइल पत्रकारिता का काम आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग, संसाधन और मार्गदर्शन मिलेगा। Special MoJo Funding Programme के लिए गर्वित शर्मा और सचिन रुंदला चुने गए। दोनों को जनपक्ष की ओर से फंडिंग और सहयोग दिया जाएगा।

संस्थापक बोले: असली चुनौती फंडिंग की

वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि मोबाइल पत्रकारिता तेजी से फैल रही है और बड़ी संख्या में पत्रकार मोबाइल से रिपोर्टिंग और डिजिटल स्टोरीटेलिंग कर रहे हैं, लेकिन स्वतंत्र पत्रकारों के सामने संसाधनों और खासकर फंडिंग की चुनौती अब भी बनी हुई है। उन्होंने खबरों की सत्यता की जांच, क्रॉस-चेक और गहन शोध की जरूरत पर भी जोर दिया।

"ऐसी पत्रकारिता, जिसका असर नीतियों तक पहुंचे"

डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि आज की और पहले की पत्रकारिता में बड़ा अंतर आ चुका है। उन्होंने MoJo पत्रकारों से ऐसी पत्रकारिता की उम्मीद जताई, जिसका असर समाज और सरकार की नीतियों तक पहुंचे। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि कई लोगों को यह तक नहीं पता कि देश में इमरजेंसी कब लगी थी। उन्होंने इसे नई पीढ़ी को लोकतंत्र के इतिहास से जोड़ने की जरूरत से जोड़ा।

राजवीर सर का 'गांधी और पत्रकारिता' पर विशेष सत्र

राजवीर सिंह चलकोई ने 'गांधी और पत्रकारिता' विषय पर सत्र लिया। उन्होंने पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकार की सामाजिक जिम्मेदारी और पाठकों के प्रति जवाबदेही पर बात की। उन्होंने महात्मा गांधी के पत्रकारीय योगदान और स्वतंत्रता आंदोलन में समाचार पत्रों की भूमिका का जिक्र करते हुए युवाओं से गांधी के विचारों से प्रेरणा लेने को कहा। फर्स्ट इंडिया न्यूज के डिजिटल हेड अमित शर्मा ने प्रतिभागियों को MoJo Funding Programme की रूपरेखा और अवसरों की जानकारी दी।

बीदावत सहित 12 पत्रकार सम्मानित, थिंक360 को विरासत दीप सम्मान

कार्यक्रम में डिजिटल और मोबाइल पत्रकारिता में उल्लेखनीय काम करने वाले 12 पत्रकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. विनीत कुमार सिंह, हरिराम बेनीवाल, विकास राज भाटी, मनीष गौड़, सुरेश चौधरी, विनीत चौधरी, मोहित चौधरी, बबलू सैनी, अरविंद चोटिया, कमलेश सैन, महेंद्र सिंह मुनाबाव और प्रदीप सिंह बीदावत शामिल हैं। प्रदीप सिंह बीदावत के डिजिटल मंच थिंक360 को जनपक्ष की ओर से विरासत दीप सम्मान दिया गया।

वर्कशॉप और नेटवर्किंग में हुआ मंथन

आयोजन में MoJo Workshop भी हुई, जिसमें मोबाइल से रिपोर्टिंग, शूटिंग, डिजिटल स्टोरीटेलिंग और कंटेंट निर्माण के पहलुओं पर चर्चा हुई। Meet & Greet और Networking Round में राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों से आए MoJo पत्रकारों, डिजिटल मीडिया ब्रांड्स और क्रिएटर्स ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों की मौजूदगी से अनुभवी पत्रकारों, स्वतंत्र डिजिटल पत्रकारों और नई पीढ़ी के बीच संवाद का मंच भी बना। फाउंडेशन का कहना है कि जनपक्ष 2.0 का मकसद मोबाइल पत्रकारिता को सिर्फ तकनीक आधारित कंटेंट निर्माण तक सीमित न रखकर उसे स्वतंत्र, जमीनी और जनसरोकार वाली पत्रकारिता का प्रभावी माध्यम बनाना है। कार्यक्रम के अंत में महिपाल सिंह ने सभी अतिथियों, सम्मानित प्रतिभाओं, फंडिंग विजेताओं और सहयोगियों का आभार जताया।

ब्रीफ न्यूज

एसडीआरएफ टीम ने स्कूल में आपदा बचाव का डेमो दिया

थिंक राजस्थान • नोखा

राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, हिम्मटसर में एसडीआरएफ बीकानेर की टीम ने एक विशेष डेमो कार्यक्रम आयोजित किया। इसका मकसद विद्यार्थियों को आपदा के समय बचाव और राहत कार्यों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में एसडीआरएफ टीम ने भूकंप, बाढ़, गैस सिलेंडर में आग और अन्य आपातकालीन स्थितियों में बचाव के तरीके बताए। टीम ने सीपीआर (CPR) की मूलभूत प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया। एसडीआरएफ टीम के प्रभारी बीरबल सिंह ने विद्यार्थियों को समझाया कि आपदा के समय घबराने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। उन्होंने सुरक्षित स्थान पर जाने और आपातकालीन सेवाओं को सूचना देने के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीकृष्ण शर्मा, एसडीआरएफ टीम और सभी विद्यार्थी शामिल हुए। प्रधानाचार्य शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ता है।

कुचेरा में 70वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

थिंक राजस्थान • कुचेरा

कुचेरा में भव्या ब्राइट फ्यूचर द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी छात्र 17 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में हुआ। कई दिनों तक चले मुकाबलों के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में उपखंड अधिकारी रजत चौधरी, तहसीलदार नरसिंह टाक, कुचेरा थानाधिकारी हबीब खान सहित शिक्षा, प्रशासन और खेल जगत के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें खेल कौशल, अनुशासन व खेल भावना के लिए सराहा। अतिथियों ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं। खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे गुण विकसित होते हैं। सम्मान मिलने पर खिलाड़ियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ दिखा।

25 आरएएस बदले, 15 के ट्रांसफर, 10 एपीओ

जयपुर। आरएएस अधिकारियों को लेकर मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों की खासी नारागी है। इसका असर शनिवार को आचार संहिता लगने के समय जारी तबादला सूची में देखने को मिला। पंचायतीराज चुनाव की आचार संहिता लगने से एक घंटे पहले 25 आरएएस इधर उधर किए गए। 15 राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) अधिकारियों के तबादले किए गए। लेकिन 10 अन्य को फील्ड से हटाकर एपीओ कर दिया गया। उनको कार्मिक में उपस्थिति देनी होगी।

इस तरह कुल 25 आरएएस का ट्रांसफर किया गया है। इससे साफ है कि सीएम और मंत्रियों के दौरों में उपखंड, जिला स्तर पर आरएएस अधिकारियों को लेकर भारी शिकायतें हैं। अलवर में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर नगर निगम पहुंचे वन मंत्री संजय शर्मा के प्रोटोकॉल में मेयर और आयुक्त के नहीं आने के मामले में हुए विवाद के बाद आज एक्शन हुआ। वन मंत्री की नाराजगी के बाद आज अलवर नगर निगम आयुक्त लक्ष्मीकांत कटारा को एपीओ कर दिया है। गांधी जयंती पर संजय शर्मा नगर निगम पहुंचे थे, लेकिन प्रोटोकॉल में मेयर सुमनलता और कमिश्नर लक्ष्मीकांत कटारा नहीं दिखे। दावा किया जा रहा है कि इसी कारण वो नाराज हो गए थे। शर्मा ने अकेले ही महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया था।

इनको किया एपीओ

सरकार ने एडीएम झुंझुनूं अजय कुमार आर्य, एडीएम जैसलमेर परसाराम, डूंगरपुर जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड़, बारां एडीएम भंवर लाल जनागल, सवाईमाधोपुर एसडीओ मांगी लाल, बारां एसडीओ सुनील कुमार झिंगोनिया, मंडावर एसडीओ प्रियंका बड़गूजर, भीलवाड़ा के फूलिया कलां एसडीओ अरूण कुमार जैन और किशनगंज एसडीओ हेमन्त कुमार घनघोर को भी एपीओ किया है।

15 आरएएस का ट्रांसफर: नरेंद्रपाल सिंह अतिरिक्त जिला कलेक्टर जैसलमेर, अनिल कुमार पूनियां रजिस्ट्रार गोविंद गुरु यूनिवर्सिटी, सुरेश चौधरी उपायुक्त जेडीए जयपुर, अवि गर्ग रजिस्ट्रार जेएनवीयू जोधपुर, नारायण प्रसाद उपखंड अधिकारी नारायणपुर, सुनील शर्मा प्रथम उप सचिव सहायता विभाग, दिनेश शर्मा उपखंड अधिकारी शाहबाद, रवि कुमार सहायक निदेशक लोक सेवाएं करौली, शिवराज मीणा उपखंड अधिकारी सवाईमाधोपुर, कपिल कुमार उप निदेशक महिला एवं बाल विकास राजसमंद, राजेश मीणा उपखंड अधिकारी मंडावर, रितुराज शर्मा उपखंड अधिकारी किशनगंज, बनवारी लाल बैरवा उपखंड अधिकारी फूलिया कलां, धारा प्रोटोकाल अधिकारी जीएडी जयपुर और श्याम सुंदर बेनीवाल उपखंड अधिकारी हनुमानगढ़ लगाया गया है।

हाईटेंशन लाइन से झुलसे 2 युवक, मौके पर ही मौत

बीकानेर। बीकानेर में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 2 युवकों की मौत हो गई। दोनों की शव बुरी तरह झुलसे हुए थे। दोनों युवकों के शरीर के कई हिस्से बुरी तरह काले हो गए थे। पुलिस को दोनों के शवों के पास एक कटर भी मिला है। घटना लूणकरणसर थाना के सोढ़वाली-बिंझरवाली गांव में शुक्रवार देर रात करीब एक बजे की ही। ग्रामीणों ने शनिवार सुबह करीब 6 बजे दोनों की डेडबॉडी देखी। आशंका है कि तार चोरी करने की कोशिश में इनकी मौत हुई है।

कटर मिला, युवक की पहचान नहीं

पुलिस के अनुसार एक मृतक की पहचान भगवान सिंह (20) पुत्र नवल सिंह, निवासी धोलेरा पुलिस थाना जामसर के तौर पर हुई है। वहीं, दूसरे युवक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस और ग्रामीणों को आशंका है कि दोनों को तार चोरी करने के दौरान करंट लगा होगा। क्योंकि, बॉडी के पास तार काटने का कटर व दूसरा सामान मिला है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इनके पास एक तार का बंडल भी मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी सुबह करीब 6 बजे मिली। यहां आसपास के एरिया में जलने जैसी बदबू भी आ रही थी। कुछ लोगों घटनास्थल के करीब पहुंचे तो दो बॉडी दिखाई दीं। दोनों बुरी तरह से झुलसी हुई थीं। एक युवक के शरीर का निचला हिस्सा तो पूरी तरह से काला पड़ गया था। दूसरे युवक के शरीर के कुछ हिस्से काले थे।

निकाय चुनाव: शिकायतों पर कांग्रेस ने कमेटी बनाई: 9 सदस्यों की टीम जांच करेगी, सात दिन में रिपोर्ट देगी

थिंक राजस्थान • पाली

निकाय चुनाव के दौरान मिली शिकायतों की जांच करने के लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने 9 सदस्यों की टीम बनाई है। टीम अब पाली, भीलवाड़ा, भरतपुर सहित अन्य निकायों में चुनाव के दौरान मिली शिकायतों की जांच करेगी और सात दिन में रिपोर्ट कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को सौंपेगी।

पाली जिले में निकाय चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर सकी। नगर निगम पाली में बढ़त होने के बाद भी कांग्रेस का महापौर नहीं बन सका। महापौर का नाम पाली में बदले जाने की शिकायतें हुई। नाराज होकर राजबाला हिंगड़ निर्दलीय मैदान में उतरी। कांग्रेस की आपसी लड़ाई का फायदा बीजेपी ने उठाया और नमिता बुबकिया महापौर बन गई।

संयोजक डॉ सीपी जोशी, सचिव रामसिंह कस्वां, सदस्य मुरालीलाल मीणा, कुलदीप इंदौरा, प्रमोद जैन भाया, शकुंतला रावत, हाकम अली, गणेश घोघरा, रघुवीरसिंह राठौड़ को शामिल किया गया है। यह टीम जांच कर सात दिनों में अपनी रिपोर्ट कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को सौंपेगी।

चुनाव में यह रहा था रिजल्ट

बता दें कि पाली नगर निगम के 65 वार्डों में से 29 कांग्रेस, भाजपा के 21 और निर्दलीय 15 जीते थे। जिसमें 10 निर्दलीय कांग्रेस समर्पित थे। स्पष्ट दिख रहा था कि कांग्रेस निगम में बोर्ड बना लेगी। लेकिन महापौर के लिए सिंबल मिलने के चलते निर्दलीय मैदान में उतरी थी। महापौर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुमित्रा जैन को 03, निर्दलीय राजबाला हिंगड़ को 29 और भाजपा की नमिता बुबकिया को 33 वोट मिले थे।

पुलिस से बचने वॉकी-टॉकी यूज करते थे चोर

पाली। जिले के खिंवाड़ा थाना क्षेत्र के आखरिया चौक स्थित ई-मित्र दुकान के ताले तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने ब्यावर जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी वारदात के दौरान मोबाइल नेटवर्क और पुलिस की लोकेशन ट्रैकिंग से बचने के लिए आपस में वॉकी-टॉकी से बातचीत करते थे। मामले में पुलिस एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। SP मोनिका सैन ने बताया कि खिंवाड़ा निवासी मनोज पुत्र मोतीलाल ने 9 अगस्त को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि आखरिया चौक स्थित उनकी ई-मित्र दुकान के ताले तोड़कर चोर नगदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

घड़ियां चुराने वाले बदमाश हरियाणा भागे: रोडवेज बस में बैठकर गए

जयपुर। जयपुर के बजाज नगर थाना इलाके में टोंक रोड स्थित राडो घड़ी शोरूम में करीब 5 करोड़ रुपए की 251 घड़ियों की चोरी के मामले में पुलिस को बदमाशों के फरार होने के रास्ते का अहम सुराग मिला है। पुलिस जांच में सामने आया है कि चार आरोपी सिंधी कैम्प से हरियाणा रोडवेज की बस में सवार होकर फरार हुए, जबकि अन्य बदमाशों के ट्रेन से भागने की आशंका है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक आरोपी गंभीर रूप से घायल और लंगड़ाते हुए नजर आया। उसके दो साथी उसे कंधे पर हाथ रखकर सहारा देते हुए ले जा रहे थे। पुलिस का अनुमान है कि वारदात के दौरान भागते समय आरोपी को चोट लगी होगी। बताया जा रहा है कि उसका शरीर भारी होने के कारण भागने में उसे परेशानी हुई। पुलिस अब तक 6 बदमाशों की पहचान कर चुकी है।

डीसीपी ईस्ट रंजिता शर्मा ने बताया कि वारदात की गंभीरता को देखते हुए चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीएसटी, ईस्टी डीएसटी और जिले के थानों के 120 पुलिसकर्मी इस मामले की जांच में लगाए गए है। इनमें 30 पुलिसकर्मी सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटे हैं, जो कि 1100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल चुके है। जबकि 10 से ज्यादा जवान तकनीकी एंगल की जांच कर रहे है। पुलिस आरोपियों के संभावित ठिकानों पर भी दबिश दे रही है।

नेपाल में बेचते हैं चोरी की घड़ियां

जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह चोरी की लग्जरी घड़ियों को नेपाल में बेच सकता है। इसके चलते पुलिस की टीमें नेपाल, दिल्ली और गाजियाबाद में डेरा डाले हुए हैं। चोरी की घड़ियों की तलाश और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम नेपाल भी भेजी गई है। गुरुवार तड़के करीब 5 से 7 बजे के बीच 13 बदमाशों ने टोंक रोड स्थित स्विट्जरलैंड के लग्जरी वॉच ब्रांड राडो के द वॉच फैक्ट्री शोरूम को निशाना बनाया था। बदमाशों ने शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 5 करोड़ रुपए कीमत की 251 घड़ियां चोरी कर लीं। पूरी वारदात करीब 36 मिनट में अंजाम दी गई। पुलिस अब सीसीटीवी और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरोह के बाकी सदस्यों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 का कार्यक्रम घोषित

पाली जिले में प्रथम एवं द्वितीय चरण में होंगे चुनाव, आदर्श आचार संहिता प्रभावी

थिंक राजस्थान • पाली

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रम के अनुसार पाली जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव प्रथम एवं द्वितीय चरण में सम्पन्न करवाए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत ग्राम पंचायत के सरपंच एवं वार्ड पंच का निर्वाचन मतपेटी के माध्यम से तथा जिला परिषद एवं पंचायत समिति के सदस्यों का निर्वाचन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से करवाया जाएगा। मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से किसी एक मूल दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने बताया कि मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। सायं 6 बजे तक मतदान केन्द्र के अंदर पहुंच चुके मतदाताओं को पंक्तिबद्ध कर मतदान करवाया जाएगा। निर्वाचन कार्य के सफल संचालन के लिए कार्मिकों का नियोजन एवं प्रशिक्षण, निर्वाचन प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति तथा नियंत्रण कक्ष की स्थापना सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत जिला परिषद सदस्य के लिए अधिकतम 3 लाख रुपये, पंचायत समिति सदस्य के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये तथा सरपंच पद के लिए अधिकतम 1 लाख रुपये की चुनाव खर्च सीमा निर्धारित है।

प्रथम एवं द्वितीय चरण में होगा मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दलों का प्रस्थान प्रथम चरण के लिए 22 अक्टूबर 2026 तथा द्वितीय चरण के लिए 28 अक्टूबर 2026 को होगा। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान प्रथम चरण में 23 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 29 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। पंच एवं सरपंच पदों के लिए मतदान प्रथम चरण में 25 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 31 अक्टूबर को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक करवाया जाएगा। पंच एवं सरपंच पदों की मतगणना भी संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतदान दिवस को ही की जाएगी। उप सरपंच का चुनाव प्रथम चरण में 26 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 1 नवम्बर को होगा। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना जिला मुख्यालय पर 20 नवम्बर 2026 को प्रातः 8 बजे से मतगणना समाप्ति तक की जाएगी। जिला प्रमुख का चुनाव 25 नवम्बर, उप जिला प्रमुख का चुनाव 26 नवम्बर, प्रधान का चुनाव 27 नवम्बर तथा उप प्रधान का चुनाव 29 नवम्बर 2026 को होगा।

जिला परिषद सदस्यों के नाम निर्देशन प्रक्रिया

उन्होंने बताया कि जिला परिषद सदस्यों के नाम निर्देशन के लिए निर्वाचन की लोक सूचना 8 अक्टूबर, गुरुवार को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर, मंगलवार को अपराह्न 3 बजे तक रहेगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 14 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक रहेगी। चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 15 अक्टूबर को नाम वापसी का समय समाप्त होने के पश्चात किया जाएगा।

पंचायत समिति सदस्यों के नाम निर्देशन का कार्यक्रम

पंचायत समिति सदस्यों के नाम निर्देशन के लिए निर्वाचन की लोक सूचना प्रथम चरण में 8 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि प्रथम चरण में 13 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 16 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक रहेगी। दोनों चरणों में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा प्रथम चरण में 14 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे तथा द्वितीय चरण में 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि प्रथम चरण में 15 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 19 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक रहेगी। चुनाव प्रतीकों का आवंटन प्रथम चरण में 15 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 19 अक्टूबर को किया जाएगा।

पंच एवं सरपंच के नाम निर्देशन का कार्यक्रम

इसी प्रकार पंच एवं सरपंच पदों के नाम निर्देशन के लिए निर्वाचन की लोक सूचना प्रथम चरण में 8 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि प्रथम चरण में 24 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण में 30 अक्टूबर निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय प्रातः 8 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा पूर्वाह्न 11.30 बजे से, नाम वापसी अपराह्न 2 बजे तक तथा चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन नाम वापसी का समय समाप्त होने के पश्चात किया जाएगा।

जिले में 9 पंस की 303 पंचायतों में 1170 वार्ड

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पाली जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव प्रथम एवं द्वितीय चरण में सम्पन्न करवाए जाएंगे। उपलब्ध विवरण के अनुसार जिले की 9 पंचायत समितियों में कुल 303 ग्राम पंचायतें एवं 1170 वार्ड हैं। प्रथम चरण में मारवाड़ जंक्शन पंचायत समिति में 51 ग्राम पंचायतें एवं 174 वार्ड, सोजत में 28 ग्राम पंचायतें एवं 108 वार्ड, बगड़ी में 15 ग्राम पंचायतें एवं 73 वार्ड, सुमेरपुर में 34 ग्राम पंचायतें एवं 150 वार्ड तथा रानी में 29 ग्राम पंचायतें एवं 137 वार्ड हैं। इसी प्रकार द्वितीय चरण में बाली पंचायत समिति में 62 ग्राम पंचायतें एवं 193 वार्ड, देसूरी में 28 ग्राम पंचायतें एवं 110 वार्ड, पाली में 24 ग्राम पंचायतें एवं 112 वार्ड तथा रोहट में 32 ग्राम पंचायतें एवं 113 वार्ड हैं।

ब्रीफ न्यूज

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी मे बच्चों ने प्रस्तुत किए मॉउल, छात्र जाएंगे जिला स्तर पर

थिंक राजस्थान • तखतगढ़

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा निर्देशित विद्यालय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन स्थानीय श्री अभय नोबल्स उमावि तखतगढ़ के प्रांगण में किया गया।दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में शनिवार को वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग में आठ अलग अलग विषयों पर प्रादर्श प्रस्तुत किए गए । कनिष्ठ वर्ग में 89 व वरिष्ठ वर्ग में 121 सहित कुल 210 बच्चों ने अपने माडल प्रस्तुत किए। विकसित भारत हेतु विज्ञान एवं तकनिकी के इनोवेशन की थीम पर आयोजित इस प्रदर्शनी में तखतगढ़ नगर की विभिन्न स्कूलों सहित गोगरा व उम्मेदपुर विद्यालय के छात्र छात्राओं , अभिभावकों, विज्ञान शिक्षकों व पूर्व छात्रो ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी प्रभारी रंगनाथ पांडे ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में निशा कुमारी प्रथम, गाम्या सुथार द्वितीय व चित्रांगदा राठौड़ तृतीय रही। प्रादर्श, क्विज एवं सेमीनार प्रतियोगिता में प्रथम रहे छात्र आगामी दिनों में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेंगे। सह प्रभारी भावेश कुमार सुथार ने बताया कि अलग- अलग विषयों पर 18 कमरों में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भंवर लाल मीणा सहायक सेक्शन आफिसर ,कोल इंडिया भारत सरकार ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शंभूसिंह बालोत के सुपरविजन में व्याख्याता मृत्युंजय पांडे, नूतन बालोत, हरपाल सिंह,किरण कुमार,नरेन्द्र कुमार, कांतिलाल माली,प्रतापराम, खुशबू राठौड़,धीरेन्द्र बालोत,कृष्णा परमार आदि ने व्यवस्था संभाली।

बिलाडा में 4 अक्टूबर को होगी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता एससेमेंट टेस्ट

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सत्र 2026-27 की प्रथम बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता एससेमेंट टेस्ट का आयोजन 4 अक्टूबर 2026, रविवार को किया जाएगा। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समय शिक्षा, बिलाडा (जोधपुर) की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार परीक्षा बिलाडा ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों सहित शहरी क्षेत्र में आयोजित होगी। परीक्षा में साक्षरता कक्षाओं में अध्ययनरत 15 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष एवं महिलाएं, जिनका पूर्व में किसी कक्षा में नामांकन नहीं हुआ है, शामिल होंगे। परीक्षा के लिए बिलाडा ब्लॉक में 33 राजकीय विद्यालयों सहित विभिन्न परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर केंद्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं वीक्षकों की नियुक्ति की गई है। ग्राम स्तर पर पीईईओ को नोडल अधिकारी तथा साक्षरता प्रभारी को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किए गया हैं। साक्षरता समन्वयक भूण्डा राम सीरवी के अनुसार बिलाडा ब्लॉक से परीक्षा के लिए लगभग 5,990 असाक्षर और पिचियाक कारागृह से 10 बंदियों का पंजीयन किया गया है।

चोरी की कार से 45.290 किलो डोडा पोस्त जब्त

डांगियावास थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जोधपुर पूर्व ने की कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

डांगियावास थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जोधपुर पूर्व ने डोडा पोस्त तस्करों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी की किआ सेल्टोस कार से 45.290 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पिछले कई दिनों से किआ सेल्टोस कार में डोडा पोस्त लाने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर 3 अक्टूबर को दांतीवाड़ा पुलिया के नीचे नाकाबंदी की गई। इस दौरान संदिग्ध किआ सेल्टोस कार आती दिखाई दी। पुलिस ने

रुकने का इशारा किया तो चालक ने कार को तेज गति से भगाने का प्रयास किया। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर दांतीवाड़ा पुलिया से टकरा गई।

पुलिस ने कार की तलाशी ली तो दो प्लास्टिक के कट्टों में 45.290 किलो डोडा पोस्त मिला। जांच में कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी होने का पता चला। कार के अंदर अलग-अलग नंबरों की कुल आठ नंबर प्लेट भी मिलीं। पुलिस के अनुसार आरोपी रूट के अलग-अलग जिलों की सीमा पार करते समय नंबर प्लेट बदलते थे। जांच में कार चोरी की निकली। मामले में सुभाष उर्फ रोहित विश्नोई और रामप्रकाश उर्फ रोनी बाबल विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तस्करी के नेटवर्क और चोरी की कार के संबंध में आगे की जांच शुरू कर दी है।

रावणा राजपूत समाज ने जयपुर निगम उपमहापौर सरोज कंवर का किया स्वागत

थिंक राजस्थान • पाली

रावणा राजपूत समाज के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल की ओर से शनिवार को जयपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित उपमहापौर सरोज कंवर एवं समाज के प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वीर शिरोमणि मेजर दलपत सिंह देवली की तस्वीर भेंट कर उनके शौर्य, साहस एवं राष्ट्रसेवा की गौरवशाली परंपरा का स्मरण किया। समाज के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि प्रदेश संयोजक अनिल सिंह बडगुजर एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष सुधीर सिंह चौहान ने सरोज कंवर को उपमहापौर पद की जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जयपुर नगर निगम के उपमहापौर पद पर उनका निर्वाचित होना समाज के लिए गौरव का विषय है। जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है तथा समाज को विश्वास है कि वे आमजन की समस्याओं के समाधान और शहर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

प्रतिनिधिमंडल की ओर से मेजर दलपत सिंह देवली की तस्वीर भेंट करते हुए उनके शौर्य, साहस

और राष्ट्रसेवा को नमन किया गया। महिला प्रदेश अध्यक्ष अनिता चौहान ने कहा कि मेजर दलपत सिंह देवली का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। समाज की ओर से तस्वीर भेंट करने का उद्देश्य उनके आदर्शों और राष्ट्रसेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाना तथा युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना है। पाली जिलाध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि सरोज कंवर को उपमहापौर की नई जिम्मेदारी मिलने से समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने आशा जताई कि वे जनहित एवं विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज और शहर का गौरव बढ़ाएंगी। इस अवसर पर जब्बर सिंह सोढ़ा, देवी सिंह परिहार, रूप सिंह राठौड़, जितेंद्र सिंह पंवार, मान सिंह खींची, प्रताप सिंह खींची, हिमांशु सिंह सोलंकी, खीम सिंह चौहान, अनूप सिंह विशाला, दिव्या सिंह, दिलीप सिंह कच्छवाह, पृथ्वी सिंह गौड़, उदयवीर सिंह राठौड़, जगदीश सिंह चौहान, जय सिंह पंवार, अरविंद सिंह सहित समाज के प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जयसिंहपुरा में 2 साल से बंद पड़ी पेयजल लाइन फिर चालू, समस्या खत्म

थिंक राजस्थान • चाकसू

जयसिंहपुरा गांव में लंबे समय से चली आ रही दो बड़ी समस्याओं का समाधान हो गया है, समाजसेवी युवा नेता धर्मराज गुर्जर की पहल पर गांव में करीब 2 साल से बंद पड़ी पेयजल पाइपलाइन को पुनः सुचारू रूप से चालू करवाया गया, जिससे ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति में राहत मिली है। वहीं गांव की मुख्य सड़क पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई थी, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी होती थी। इस समस्या का भी समाधान करते हुए पानी की निकासी की उचित व्यवस्था कर सड़क को सुचारू करवाया गया,धर्मराज गुर्जर ने कहा कि गांव की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना सबसे जरूरी है और आगे भी इसी तरह गांव के विकास के लिए प्रयास जारी रहेंगे। दोनों कार्यों के पूरा होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 9 विकास समिति

देवी मां पार्क में नवरात्रि महोत्सव 11 अक्टूबर से

- 22 वर्षों से हो रहा गरबा का आयोजन, इस वर्ष भी दिखेगा उत्साह

थिंक राजस्थान • जोधपुर

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड विकास समिति, 9वें सेक्टर में भव्य नवरात्रि डांडिया महोत्सव 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर के मध्य सांय 7.30 बजे से आयोजित होगा। समिति की ओर से देवी माँ पार्क में पिछले करीब 22 वर्षों से प्रतिवर्ष नवरात्रि के अवसर पर डांडिया-गरबा आयोजन किया जा रहा है। वर्षों से चलो आ रही इस परंपरा में हर आयु वर्ग के क्षेत्रवासियों की उत्साहपूर्वक भागीदारी रहती है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड विकास समिति 9वें सेक्टर के अध्यक्ष हनवन्तसिंह पंवार ने बताया कि समिति की ओर से इस वर्ष भी नवरात्रि के दौरान डांडिया-गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में महिला-पुरुष एवं युवाओं द्वारा पारंपरिक व आकर्षक वेशभूषा में गरबा एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। उत्कृष्ट नृत्य करने वाले प्रतिभागियों को समिति की ओर से पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। पंवार ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाति ही इस वर्ष भी समारोह के अन्तिम दिन भोजन प्रसादी का कार्यक्रम भी रखा गया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का पुष्पाहार कर शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल से स्वागत भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति एवं क्षेत्रवासियों सहित आसपास के क्षेत्रों के निवासियों में भी खासा उत्साह है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि के दौरान इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ क्षेत्रवासियों को एकजुट करना तथा सामाजिक सौहार्द एवं सनातन सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड विकास समिति 9वें सेक्टर के अध्यक्ष हनवन्तसिंह पंवार एवं सचिव प्रतीक व्यास ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया है।

राजनीति विज्ञान, हिंदी, संस्कृत, गणित और शारीरिक शिक्षक के पद रिक्त, एलडीसी की कुर्सी भी खाली; आखिर विद्यार्थियों की पढ़ाई की जिम्मेदारी किसकी?

स्कूल में शिक्षक नहीं, दफ्तरों में ड्यूटी! अगवरी के सरकारी स्कूल की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल, वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर कार्मिक; कई महत्वपूर्ण पद खाली

8 साल से एसडीएम कार्यालय में लगा रखा पंचायत शिक्षक

थिंक राजस्थान • आहोर

सरकार एक ओर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अगवरी में शिक्षकों एवं अन्य कार्मिकों के रिक्त पदों और लंबे समय से जारी प्रतिनियुक्तियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। विद्यालय में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं होने तथा विद्यालय से जुड़े कार्मिकों के अन्य सरकारी कार्यालयों में कार्यरत होने की स्थिति ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंचायत शिक्षक हिमताराम करीब आठ वर्षों से एसडीएम कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत बताए जा रहे हैं। वहीं, कंप्यूटर अनुदेशक हितेश कुमार के भी चुनाव संबंधी कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कार्मिकों की आवश्यकता है, तो विद्यालय से जुड़े कर्मचारियों की सेवाएं लंबे समय से अन्य कार्यालयों में क्यों ली जा रही हैं? ग्रामीणों के लिए यह जानना भी जरूरी है कि इन प्रतिनियुक्तियों का वर्तमान आधार क्या है और संबंधित कार्मिकों की विद्यालय में वापसी को लेकर शिक्षा विभाग की क्या योजना है।

महत्वपूर्ण विषयों के पद रिक्त, पढ़ाई पर असर

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अगवरी में राजनीति विज्ञान व्याख्याता, हिंदी, संस्कृत एवं गणित के वरिष्ठ अध्यापक तथा शारीरिक शिक्षक (पीटीआई) के पद रिक्त बताए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कनिष्ठ सहायक (एलडीसी) का पद भी खाली होने की जानकारी सामने आई है। विद्यालय में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की कमी होने से विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, पाठ्यक्रम पूरा करने और परीक्षा की तैयारी पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। ऐसे में अभिभावकों और ग्रामीणों की चिंता स्वाभाविक है कि विद्यार्थियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी।

शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के सामने सवाल

- विद्यालय में रिक्त शैक्षणिक पदों को भरने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है?
- राजनीति विज्ञान, हिंदी, संस्कृत और गणित सहित अन्य विषयों के शिक्षक कब उपलब्ध होंगे?
- पंचायत शिक्षक की लंबे समय से जारी प्रतिनियुक्ति की समीक्षा कब होगी?
- कंप्यूटर अनुदेशक की चुनाव संबंधी कार्यालय में तैनाती का आधार क्या है?
- विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रखने के लिए विभाग तत्काल क्या व्यवस्था करेगा?

प्रतिनियुक्ति पर सवालः विद्यालय में जरूरत या कार्यालयों में सेवाएं?

पंचायत शिक्षक के करीब आठ वर्षों से एसडीएम कार्यालय में कार्यरत होने का मामला प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। यदि यह प्रतिनियुक्ति लगातार जारी है, तो इसकी समीक्षा क्यों नहीं की जा रही? इसी तरह कंप्यूटर अनुदेशक की चुनाव संबंधी कार्यालय में तैनाती को लेकर भी स्थिति स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है।

सवाल सीधा है—जब सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की आवश्यकता है, तो विद्यालय से जुड़े कार्मिकों की सेवाएं दूसरे कार्यालयों में लेने की व्यवस्था की समीक्षा कब होगी? ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी बेहतर शिक्षा और पर्याप्त शिक्षकों का अवसर मिलना चाहिए। विद्यालय में पद रिक्त रहने और प्रतिनियुक्तियों के लंबे समय तक जारी रहने से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगवरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का मामला केवल रिक्त पदों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को मिलने वाली शिक्षा की गुणवत्ता और प्रशासनिक प्राथमिकताओं से भी जुड़ा है। शिक्षा विभाग को रिक्त पदों की स्थिति स्पष्ट करने, प्रतिनियुक्तियों की समीक्षा करने और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। क्योंकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना किसी अन्य विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का। अब जरूरत केवल आश्वासनों की नहीं, बल्कि विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध करवाने के लिए ठोस कार्रवाई की है।

बीकानेर: 4 से 10 अक्टूबर तक मनाएंगे विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह

थिंक राजस्थान • बीकानेर

पीबीएम अस्पताल के मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 10 सितंबर से 10 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 4 से 10 अक्टूबर तक विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह आयोजित होगा। इस वर्ष सप्ताह की थीम "वास्तविक जीवन की अनुभूतियां, वास्तविक आवाजें, वास्तविक बदलाव" रखी गई है। इसका उद्देश्य मानसिक बीमारी से जूझ रहे लोगों के अनुभवों को समझना, उन्हें बीमारी के बजाय व्यक्ति के रूप में सुनना तथा बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मरीजों और उनके परिजनों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इनमें ई-रिक्शा जागरूकता रैली, पोस्टर विमोचन, गेटकीपर ट्रेनिंग, तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं, परीक्षा तनाव प्रबंधन, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता शामिल हैं। नर्सिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, एसबीआई, पुलिस लाइन, कोचिंग सेंटर और कलेक्ट्रेट परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस समारोह के साथ मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम-2017 और मानसिक बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों पर चर्चा होगी। कार्यक्रमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर जागरूकता और संवाद बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी जिला नोडल अधिकारी एवं मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीगोपाल आचार्य ने दी।

ब्रीफ न्यूज

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटने पर रिदम मालवीय का स्वागत

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

शिक्षा विभाग राजस्थान बीकानेर के तत्वावधान में धौलपुर के तासीमो में आयोजित 70वीं 17 वर्षीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटने पर जोधपुर टीम के खिलाड़ी व विजडम एकेडमी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल बिलाड़ा के छात्र रिदम मालवीय का बिलाड़ा पहुचने पर खेल प्रेमियों ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। विजडम अकेडमी के प्रिंसिपल प्रदीप कृपलानी ने रिदम को बधाई दी। एसएमएस फुटबॉल अकेडमी के कोच दिनेश बैरवा, पार्षद दिनेश मेघवाल, एनएसयूआई जिला सचिव संजय बिडला व क्रिकेट प्लेयर मोहित प्रजापत, देशदीप, पीयूष, ओमप्रकाश पटेल, बेल्जियम से सुनील मालवीय आदि ने रिदम का स्वागत किया। कोच दिनेश बैरवा ने बताया की रिदम ने बिलाड़ा में फुटबॉल खेल की शुरूआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अब राज्य स्तर पर फुटबाल खेल में बिलाड़ा का नाम गूंज रहा है। उल्लेखनीय है की कोच दिनेश बैरवा के मार्गदर्शन में खिलाड़ी एसएमएम स्टेडियम में फुटबॉल का नियमित अभ्यास करते है। उल्लेखनीय है की दलाधिपति पुष्पेंद्र सिंह चांपावत व दल प्रबंधन महेंद्र सिंह बारा के नेतृत्व में जोधपुर टीम ने धौलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया।

चूरू की डांसिंग स्टार सोमी शर्मा को मिला 'इमर्जिंग डांस स्टार ऑफ द ईयर' अवार्ड

थिंक राजस्थान • चूरू

जिले के रामसरा गांव की 10 वर्षीय बाल कलाकार सोमी शर्मा को राजस्थान फिल्म फेस्टिवल अवार्ड, जयपुर में 'इमर्जिंग डांस स्टार ऑफ द ईयर' सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने सोमी को यह सम्मान प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सोमी शर्मा सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डांस रील्स के जरिए अपनी पहचान बना रही हैं। वह पढ़ाई के साथ नृत्य के माध्यम से राजस्थान और हरियाणा की कला-संस्कृति को देश-विदेश तक पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं। उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार, सोमी के इंस्टाग्राम पर करीब 22 लाख और यूट्यूब पर करीब 10 लाख फॉलोअर्स हैं। उनकी उपलब्धि पर परिवार, ग्रामीणों और चूरू के कला प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नारी शक्ति सम्मेलन एवं संवाद: नारी शक्ति को अवसर और संसाधन उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा रही सरकार: जोगाराम पटेल

कहा - महिला केवल योजना की लाभार्थी नहीं, परिवार की आर्थिक शक्ति और विकास की सक्रिय भागीदार बने, युवा उद्यमी खुशी जैन से सीएम ने किया संवाद

थिंक राजस्थान • जोधपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय कॉमर्स महाविद्यालय परिसर में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन एवं संवाद 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम में सीधा प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि नारी शक्ति सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जोधपुर की नारी शक्ति के सामर्थ्य, संकल्प और आत्मनिर्भरता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि जिस घर की महिला आत्मनिर्भर होती है, उस घर का भविष्य मजबूत होता है और जब गांव की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार, गांव की अर्थव्यवस्था और समाज पर पड़ता है।

पटेल ने कहा कि जोधपुर में राजीविका के माध्यम से 10,585 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनकी पहुंच जिले की 417 ग्राम पंचायतों तक है। महिलाओं को गांव से लेकर क्लस्टर स्तर तक सशक्त संस्थागत मंच उपलब्ध कराने के लिए 842 ग्राम संगठन (वीओ) तथा 39 क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) कार्यरत हैं। इनके माध्यम से जिले के 1 लाख 11 हजार 166 परिवार राजीविका के दायरे में आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण का प्रभाव केवल महिला तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे पूरे परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आता है।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि महिला केवल किसी योजना की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की सक्रिय भागीदार और परिवार की आर्थिक शक्ति बने, यही सरकार का लक्ष्य है। महिलाओं के हुनर, श्रम और संकल्प को पूंजी, कौशल, बैंकिंग, ऋण और बाजार से जोड़कर उन्हें आर्थिक गतिविधियों एवं उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, स्थानीय उत्पादों सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के हुनर को व्यवसाय से जोड़ते हुए स्थायी आजीविका के साधन विकसित किए जाने चाहिए।

पटेल ने कहा कि कोई महिला अपने हुनर, आर्थिक अवसर अथवा जानकारी के अभाव में पीछे न रहे, इसके लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ उनके लाभ की पहुंच अंतिम पंक्ति तक सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजीविका की सार्थकता तभी है, जब गांव की महिला स्वयं को केवल परिवार का हिस्सा नहीं, बल्कि परिवार की आर्थिक शक्ति के रूप में महसूस करे। उन्होंने आह्वान किया कि संगठन को आजीविका से और आजीविका को आत्मनिर्भरता से जोड़ते हुए ऐसा वातावरण तैयार किया जाए, जहां बेटियां सपने देखें, बहनें अवसर प्राप्त करें और मातृशक्ति आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े।

नारी शक्ति सम्मेलन एवं संवाद 2026 के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोधपुर की 21 वर्षीय युवा उद्यमी खुशी जैन से संवाद किया। खुशी जैन ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत बैंक से प्राप्त 49 लाख 16 हजार 666 रुपये के ऋण तथा 12 लाख 29 हजार 166 रुपये की सब्सिडी की सहायता से फैशन डिजाइनर रेडीमेड गारमेंट्स एवं क्लॉथ स्टूडियो स्थापित करने का उनका सपना साकार हुआ।

खुशी जैन ने ऑनलाइन-ऑफलाइन बाजार में बनाई पहचान

खुशी जैन ने बताया कि वित्तीय सहायता के माध्यम से उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया और प्रीमियम गुणवत्ता के यूनिक परिधान तैयार कर ऑनलाइन वेबसाइट तथा ऑफलाइन माध्यमों से बाजार में उपलब्ध कराना शुरू किया। उन्होंने कहा कि समय पर ऋण एवं सब्सिडी उपलब्ध होने से व्यवसाय को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। खुशी जैन ने योजना की ऋण सीमा बढ़ाकर एक करोड़ रुपये किए जाने के लिए राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। खुशी जैन की सफलता की कहानी इस बात को रेखांकित करती है कि वित्तीय संसाधन, मार्गदर्शन और उद्यमिता के संकल्प का समन्वय महिलाओं के हुनर को स्थायी आर्थिक गतिविधि में बदलने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के माध्यम से उपलब्ध वित्तीय सहयोग ने उन्हें अपने कौशल को व्यवसाय में रूपांतरित करने, उत्पादन का विस्तार करने और व्यापक बाजार तक पहुंच बनाने का अवसर प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सीधा प्रसारण

कार्यक्रम के दौरान जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय कॉमर्स महाविद्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय नारी शक्ति सम्मेलन एवं संवाद 2026 से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा और सुना। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, राजेंद्र पालीवाल, छोटू सिंह, खींवराज जांगिड़, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) श्री जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) रामकिशोर मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक श्री सिद्धार्थ सांदू, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गणपत सुथार सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

यश के नेतृत्व में IFQLA प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी अधिकारियों से की मुलाकात, भारत-अमेरिका कानूनी सहयोग का रखा प्रस्ताव

थिंक राजस्थान • जोधपुर



इंडियन फॉरेन क्वालिफाइड लॉयर्स एसोसिएशन (आईएफक्यूएलए) के संस्थापक एवं संयोजक यश जांगिड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित अमेरिकन सेंटर में अमेरिकी दूतावास के वाणिज्यिक विभाग और यूएसपीटीओ के अधिकारियों से मुलाकात की। जांगिड़ भारत में अधिवक्ता तथा इंग्लैंड एवं वेल्स में बैरिस्टर हैं। प्रतिनिधिमंडल में आईएफक्यूएलए के संस्थापक सदस्य नमन खत्री, सदस्य ओशिन सूर्यवंशी और विधि प्रशिक्षु आदित्य गिल शामिल रहे।

बैठक में भारत और अमेरिका के बीच कानूनी सहयोग को बढ़ावा देने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। जांगिड़ ने कहा कि आईएफक्यूएलए विदेश में योग्यता प्राप्त भारतीय वकीलों का संगठन है, जो दोनों देशों की कानूनी व्यवस्थाओं के बीच संस्थागत सेतु की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विदेश में प्रशिक्षित भारतीय वकीलों की विशेषज्ञता का उपयोग देश के विकास में करने की बात रखी। उन्होंने भारत-अमेरिका एआई साझेदारी, ट्रस्ट पहल और पैक्स सिलिका जैसे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों की सफलता के लिए दोनों देशों की कानूनी व्यवस्थाओं के बीच मौजूद प्रक्रियात्मक अड़चनों को दूर करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि अमेरिका में वकालत से जुड़े नियम अलग-अलग राज्यों में अलग हैं, जबकि भारत में राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यवस्था है।

आईएफक्यूएलए की ओर से वेबिनार, राउंडटेबल, तुलनात्मक कानूनी शोध, भारत-अमेरिका विवाद समाधान पर मार्गदर्शिका तथा एआई, कॉपीराइट और बौद्धिक संपदा जैसे विषयों पर संयुक्त संवाद आयोजित करने के प्रस्ताव भी रखे गए। संगठन के सदस्यों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने इन प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख व्यक्त किया और बौद्धिक संपदा एवं एआई के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में रुचि दिखाई। उल्लेखनीय है की यश जांगिड़ जोधपुर के निवासी है और बिलाड़ा उनका ननिहाल है। यश द्वारा अंतराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने पर पूरे बिलाड़ा में भी खुशी का माहौल है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने विमंदित बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

थिंक राजस्थान • जोधपुर

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री एवं जोधपुर सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अपना जन्मदिवस जनसेवा और सेवा कार्यों के बीच मनाया। जन्मदिवस के अवसर पर जोधपुर स्थित उनके निवास पर देर रात 12 बजे से ही बधाई एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया।

शनिवार को दिनभर जोधपुर सहित पूरे संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और आमजन अपने सांसद को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे। देर रात से शुरू हुआ यह सिलसिला दिनभर जारी रहा। इस दौरान निवास पर बड़ी संख्या में लोगों ने शेखावत का अभिनंदन कर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं इसके बाद शेखावत ने अपना जन्मदिन विभिन्न सेवा संस्थानों में पहुंचकर मनाया। उन्होंने अपना घर आश्रम में विमंदित एवं विशेष जरूरत वाले लोगों के साथ घेवर का केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा प्रसादी का वितरण किया। इसके बाद शेखावत गुड़ा विश्नोइयां स्थित श्री बालाजी कृष्ण गौशाला पहुंचे और गौ सेवा की।

जोधपुर एवं फलौदी जिलों में 560 परीक्षा केन्द्र, प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक सुविधा अनुसार दे सकेंगे परीक्षा

जोधपुर: नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 4 अक्टूबर को 1 लाख असाक्षरों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 4 अक्टूबर, 2026 (रविवार) को जोधपुर एवं फलौदी जिलों की सभी पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में साक्षरता कक्षाओं में अध्ययनरत 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे युवक-युवतियां एवं अन्य शिक्षार्थी भाग लेंगे, जिनके पास किसी भी प्रकार का शैक्षणिक प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है। दोनों जिलों को आवंटित लक्ष्य के अनुसार लगभग 1 लाख असाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा।

560 परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित

जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी भरत कुमार पारीक ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जोधपुर एवं फलौदी जिलों की विभिन्न पंचायत समितियों के राजकीय विद्यालयों में 560 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राधीक्षकों एवं वीक्षकों की नियुक्ति कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर परीक्षा के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया है, ताकि चिन्हित असाक्षर अधिकाधिक संख्या में परीक्षा में सम्मिलित होकर अपनी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षताओं का मूल्यांकन करा सकें।

जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

पारीक ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा द्वारा नोडल एवं सह नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। श्रीमती मंजू शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जोधपुर को जोधपुर जिले तथा श्री सोहनलाल विश्नोई, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी फलौदी को फलौदी जिले का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री भरत कुमार पारीक, जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी, जोधपुर को दोनों जिलों का सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा साक्षरता प्रभारी को सह नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर पीईईओ/यूसीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त कर परीक्षा के सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा 4 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। चिन्हित असाक्षर अपनी सुविधा के अनुसार निर्धारित समयावधि में किसी भी समय संबंधित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य शिक्षार्थियों को उनकी सुविधा के अनुरूप परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर उपलब्ध कराना है।

कारागृहों में भी चिन्हित असाक्षर बंदी होंगे परीक्षा में शामिल: नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा कारागृहों में भी पात्र शिक्षार्थियों को परीक्षा से जोड़ने की व्यवस्था की गई है। केन्द्रीय कारागृह जोधपुर के पुरुष एवं महिला कारागृह तथा पिचियाक कारागृह, बिलाड़ा में लगभग 55 असाक्षर बंदियों का चिन्हीकरण किया गया है, जिन्हें भी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा।

डॉ. मेघना शर्मा को मिला बेस्ट ऑनलाइन रिसर्च पेपर अवॉर्ड

थिंक राजस्थान • बीकानेर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मेघना शर्मा को उदयपुर की पैसिफिक यूनिवर्सिटी के इतिहास विभाग द्वारा हाइब्रिड मोड में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के अंतर्गत सीनियर साइंटिस्ट श्रेणी में बेस्ट ऑनलाइन रिसर्च पेपर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। संगोष्ठी वैश्विक संस्कृत मंच व ग्लोबल हिस्ट्री फोरम के संयुक्त तत्वावधान में प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा : विज्ञान और ज्ञान के विविध आधुनिक आयाम विषय पर आयोजित की गई थी। संगोष्ठी संयोजक प्रो. अजातशत्रु सिंह शिवरती के अनुसार संगोष्ठी के समापन समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. मेघना के शोधपत्र को संगोष्ठी पश्चात जूरी के निर्णय के तहत सीनियर साइंटिस्ट श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ऑनलाइन पेपर के रूप में चयनित किया गया जिसका विषय इंडियन नॉलेज ट्रेडिशन एंड विमेंस डिस्कोर्स हिस्टोरिकल पर्सपेक्टिव्स एंड कंटेंपरेरी रेलवेंस रहा। सत्र संयोजक डॉ. अबरार अहमद ने बताया कि ऑनलाइन सत्र की अध्यक्षता ओस्लो, नॉर्वे के पुरातत्वविद प्रो. टोरे गुलब्रांडसेन और अफ्रीका के पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक डॉ. रमादान बिरिमा द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।

पूर्ण आरती के साथ महालक्ष्मी जन्मोत्सव का समापन

थिंक राजस्थान • पीपाड़ सिटी

शहर में प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर श्रीमालियों की बास में महालक्ष्मी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीमाली समाज के अध्यक्ष अशोक दवे ने बताया कि महालक्ष्मी मां के अभिषेक के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई मंदिर के पुजारी पंडित सुनील दवे व ओम पुजारी के सानिध्य में सुबह 7.30 बजे से महालक्ष्मी मां का अभिषेक और हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।दोपहर 1 बजे से महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश दवे ने बताया कि शाम 4 बजे से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें श्रीमाली समाज के बोर्ड परीक्षा में 80% से ऊपर अंक लाने वाले विद्यार्थियों और समाज को गौरवान्वित करने वाले व्यक्तियों को श्रीमाली समाज द्वारा सम्मानित किया गया उसके पश्चात श्रीमाली समाज भवन से शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के लखारा बाजार,चोपटा बाजार,कोट गेट,दर्जियों का बास,इलाजी बाजार,आनंद भवन होते हुवे पुनः समाज भवन आकर सम्पन्न होगी हुई शोभायात्रा का राजस्थान ब्राह्मण महासभा,विप्र संस्था व विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।

रात्रि भजन संध्या में ख्याती नाम कलाकार सुरेश व प्रकाश दवे द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी है जिसमे भक्तगण नाचने पर मजबूर हो गये भजनों का ऐसा समा बांधा की देर रात तक समाज के लोग बैठे रहे। पूर्ण आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । कार्यक्रम में प्रकाश दवे, कमलकिशोर दवे,एडवोकेट जगदीश दवे,शांतिलाल दवे,प्रकाश दवे,दिनेश दवे,राजेश दवे,मुकेश दवे,अनिल दवे,प्रशांत दवे, रितेश दवे,भरत दवे,सुरेश दवे,व समाज के गणमान्य व्यक्तियों कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया।

ब्रीफ न्यूज

BHAI Tourism Club 4 अक्टूबर से आयोजित करेगा राजस्थान KYD Trip

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान की संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और पर्यटन स्थलों को ट्रैवल ट्रेड से जोड़ने के उद्देश्य से BHAI Tourism Club की ओर से 4 अक्टूबर से राजस्थान KYD (Know Your Destination) Trip आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष अवधेश सिंह पंवार और उपाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में होने वाली इस पहल में देशभर के ट्रैवल एजेंट्स को राजस्थान के प्रमुख और कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाएगा। ट्रिप के दौरान प्रतिभागियों को राजस्थान के किलों, महलों, धार्मिक स्थलों, वन्यजीव क्षेत्रों, लोक कला, खान-पान, ग्रामीण पर्यटन, डेजर्ट एक्सपीरियंस, सफारी, एडवेंचर और ऑफबीट डेस्टिनेशंस से परिचित कराया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, किसी पर्यटन स्थल को बेहतर ढंग से प्रमोट करने के लिए ट्रैवल प्रोफेशनल्स का स्वयं उसका अनुभव करना जरूरी है। BHAI Tourism Club के अनुसार 'One Network • Endless Opportunities' की अवधारणा के साथ यह आयोजन ट्रैवल एजेंट्स और राजस्थान के पर्यटन उत्पादों के बीच मजबूत कनेक्शन बनाने का प्रयास है। क्लब आगे भी Responsible Tourism, Local Experiences और Rajasthan के Hidden Gems को बढ़ावा देने के लिए ऐसी KYD Trips आयोजित करेगा।

अवधेश सिंह पंवार
अध्यक्ष

अमित सिंह
उपाध्यक्ष

पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी के पिता रघुवीर सिंह को दी पैतृक गांव हदा में दी अंतिम विदाई

थिंक राजस्थान • बीकानेर

पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी के पिता रघुवीर सिंह भाटी का निधन हो गया। शनिवार को उनके पैतृक गांव हदां में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। शोक के माहौल में लोगों ने रघुवीर सिंह भाटी को श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी हदां पहुंचे और रघुवीर सिंह भाटी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दोनों नेताओं ने उनके सामाजिक सरोकारों और समाजसेवा के कार्यों को याद करते हुए शोक व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, मदन गोपाल मेघवाल, यशपाल गहलोत, जिया उर रहीमान सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंतिम विदाई के दौरान हदां गांव का माहौल गमगीन रहा। लोगों ने रघुवीर सिंह भाटी के निधन पर शोक जताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।



जोधपुर-मऊ वीकली स्पेशल ट्रेन आज से, नौ फेरे करेगी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

त्योहारों में नियमित ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे रविवार से जोधपुर-मऊ साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाएगा। 22 डिब्बों वाली यह ट्रेन 9 फेरे लगाएगी। ट्रेन मेड़ता रोड, डेगाना और जयपुर मार्ग से संचालित होगी। सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार ट्रेन संख्या 04823 जोधपुर-मऊ हर रविवार शाम 5 बजे जोधपुर से रवाना होकर अगले दिन रात 11.40 बजे मऊ पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 04824 प्रत्येक मंगलवार सुबह 4 बजे मऊ से रवाना होकर बुधवार सुबह 8.40 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

पावर ग्रिड सब स्टेशन से केबल चोरी करने वाला गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बाड़मेर ग्रामीण थाना पुलिस ने पावर ग्रिड सब स्टेशन से केबल सहित अन्य सामान चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। निर्माणाधीन सब स्टेशन में करीब एक सप्ताह पहले 15 से 20 अज्ञात लोगों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है और उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार नांद निवासी सोनाराम ने 28 सितंबर को बाड़मेर ग्रामीण थाने में रिपोर्ट दी थी। कंपनी सुमन कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बीएचईएल कंपनी के निर्माणाधीन सोखरू में सिक्योरिटी का कांट्रेक्ट ले रखा है।

डूडी की पहली पुण्यतिथि पर डोटासरा का भाजपा पर हमला, बोले- पंचायत राज में कांग्रेस का झंडा फहराएंगे

थिंक राजस्थान • बीकानेर

पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. रामेश्वर डूडी की प्रथम पुण्यतिथि पर रामेश्वर डूडी स्मारक पर विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने संबोधित किया। इस दौरान डोटासरा ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

सभा के बाद मीडिया से बातचीत में डोटासरा ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार के कामकाज को लेकर जनता में नाराजगी है। उन्होंने दावा किया कि किसान, युवा और आम आदमी सरकार की नीतियों और व्यवस्थाओं से परेशान हैं। नकली बीज, बेरोजगारी, बिजली-पानी तथा भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर जनता में असंतोष होने का भी उन्होंने दावा किया। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई योजनाओं तथा बनाए गए जिलों और संभागों को भाजपा सरकार ने बदलकर प्रदेश के विकास की दिशा को प्रभावित किया है। उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार और सरकारी कामकाज में लापरवाही के आरोप भी लगाए। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं और आगामी पंचायत राज चुनाव में सभी को साथ लेकर कांग्रेस का झंडा फहराया जाएगा।

विश्वेंद्र सिंह प्रकरण पर भी बोले डोटासरा

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वेंद्र सिंह से जुड़े विवाद पर पूछे गए सवाल पर डोटासरा ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ बातें सामने आने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी गई है। मामला कांग्रेस की अनुशासन समिति को भेजा गया है और विश्वेंद्र सिंह से जवाब भी मांगा गया है। उन्होंने कहा कि मामले में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके गुण-दोष के आधार पर ही निर्णय लिया जाएगा। सोशल मीडिया पर किए गए कमेंट के आधार पर किसी मामले की धारणा तय नहीं की जा सकती। वास्तविकता और तथ्य सामने आने के बाद ही इस विषय पर अंतिम रूप से बात की जाएगी।

डोटासरा ने विश्वेंद्र सिंह को सम्माननीय और वरिष्ठ नेता बताते हुए कहा कि उनके साथ उनके व्यक्तिगत संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने विश्वेंद्र सिंह के साथ मंत्री के तौर पर काम किया है और दोनों के बीच कोई व्यक्तिगत झगड़ा नहीं है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत रिश्ते अपनी जगह हैं और संगठन का विषय अपनी जगह है। डोटासरा के बयानों से साफ है कि कांग्रेस आगामी पंचायत चुनावों में भाजपा सरकार के खिलाफ किसान, युवा, रोजगार, बिजली-पानी, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक निर्णयों को प्रमुख मुद्दा बनाकर मैदान में उतरने की तैयारी में है।

पंचायती राज चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में, नव मतदाताओं से नाम जुड़वाने की अपील

आचार संहिता की घोषणा के बाद प्रकोष्ठ प्रभारियों को दिए कार्य संपादन के निर्देश

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायती राज आम चुनाव 2026 को लेकर निर्वाचन विभाग की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शनिवार को आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद निर्वाचन से जुड़े विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों को सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप कार्य संपादन के निर्देश दिए गए। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। सभी संबंधित प्रकोष्ठों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य करते हुए चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाएगी तथा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाए जाएंगे।

राणावत ने विशेष रूप से नव मतदाताओं से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील की। उन्होंने बताया कि ऐसे युवा, जिन्होंने 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से जल्द से जल्द संपर्क करें। पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है, ताकि वे आगामी पंचायती राज चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि युवा लोकतंत्र की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना और मतदान प्रक्रिया में भागीदारी करना लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाता है। उन्होंने नव मतदाताओं से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम जांच लें और नाम दर्ज नहीं होने की स्थिति में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर समय रहते अपना नाम जुड़वाएं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिक जिम्मेदारी भी है। ऐसे में पात्र युवाओं सहित सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कर आगामी पंचायती राज आम चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए भी आवश्यक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

ज्ञानेश कुमार को भारत रत्न दिलाने का अभियान चलाया: उम्मेदाराम

विधायक हरीश चौधरी ने कहा- चुनाव आयुक्त चयन के नियम बदले

बाड़मेर। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में चुनाव आयोग पर सड़क से लेकर विरोध कर रही है। शनिवार को बाड़मेर जिला कांग्रेस कार्यालय में मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और बायतु विधायक हरीश चौधरी, सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल और सीनियर कांग्रेस नेताओं ने प्रेसवार्ता कर मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन पर सवाल खड़े किए।

कांग्रेस पार्टी 2 से 8 अक्टूबर तक जागरूकता वीक चला रही है। इसके तहत संविधान बचाओ, देश बचाओ, वोट बचाओ का नारा बुलंद करते हुए हर जिला मुख्यालय प्रेस कांफ्रेस की जा रही हैं। मीटिंगों के माध्यम से लोगों को मुद्दे समझाए जा रहे हैं।

सांसद उम्मेदाराम ने कहा- बीजेपी चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत रत्न देने के लिए अभियान चला रही है। वे बीजेपी के पक्ष में काम कर रहे हैं। अलग-अलग एजेंडे चलाकर देश के लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। आम लोगों को अपने मताधिकार से वंचित किया जा रहा है।

इसके अलावा वोटर लिस्ट के अलावा चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष होनी चाहिए। उसमें भी धांधली की जा रही है। पार्षदों को पुलिस प्रोटेक्शन में लोंगों को उठावना, बाड़ेबंदी में रखवाना। राजस्थान में नगर निकाय चुनाव में सुनिश्योजित तरीके से बदमाशी की जा रही है। बायतु विधायक चौधरी ने कहा- बीते 10 माह चुनाव आयोग की जगह चुनाव आयुक्त जो भी कृत्य किए हैं, गैर संवैधानिक और गैर कानूनी हैं।

ऑनलाइन डिलीवरी स्टोर में अनियमितताएं मिलीं, वेज के साथ रखे थे नॉन-वेज उत्पाद

टीम ने अलग रखी करीब 25 किलो अवधिपार खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट करवाई

थिंक राजस्थान • जयपुर

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने प्रताप नगर स्थित जेप्टो के डार्क स्टोर का निरीक्षण किया, जहां खाद्य सुरक्षा से जुड़ी कई कमियां सामने आईं। अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के अनुसार मिल्क चिलर में दूध फैला मिला और दुर्गंध आ रही थी। दीवारों में चूहों के छेद तथा कोल्ड स्टोरेज में गंदगी भी मिली। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के साथ कीटनाशक स्प्रे की बोतलें रखी मिलीं।

पैकेज्ड फ्रोजन नॉन-वेज खाद्य पदार्थ वेज उत्पादों के साथ रखे जाने की बात भी सामने आई। शेल्फ की सफाई और पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं मिली। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एक्सपायरी डेट प्रदर्शित नहीं करने और कम अवधि वाले उत्पादों की आपूर्ति संबंधी शिकायतों की भी जानकारी मिली। टीम ने अलग रखी करीब 25 किलो अवधिपार खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट करवाई। सरसों तेल, मैगी नूडल्स, घी, पीनट नमकीन और हल्दी पाउडर के नमूने जांच के लिए लिए गए। विभाग के अनुसार संबंधित फर्म को कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

श्रीराम नगर विस्तार में नवरात्रि स्थापना महोत्सव 11 अक्टूबर से

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर के झोटवाड़ा क्षेत्र स्थित श्री राम नगर विस्तार में इस वर्ष द्वितीय नवरात्रि स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन स्थल आंगनवाड़ी के सामने स्थित श्री राम पार्क रहेगा। नवरात्रि महोत्सव के तहत 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नवरात्रि कार्यक्रम की शुरुआत 11 अक्टूबर रविवार को मां शैलपुत्री की पूजा एवं कलश स्थापना के साथ होगी। इसके बाद 12 अक्टूबर को मां ब्रह्मचारिणी, 13 अक्टूबर को मां चंद्रघंटा, 14 अक्टूबर को मां कूष्मांडा, 15 अक्टूबर को मां स्कंदमाता, 16 अक्टूबर को मां कात्यायनी, 17 अक्टूबर को मां कालरात्रि, 18 अक्टूबर को मां महागौरी, 19 अक्टूबर को मां सिद्धिदात्री तथा 20 अक्टूबर को मां विजयादशमी की पूजा-अर्चना की जाएगी। 19 अक्टूबर को नवमी के अवसर पर सुबह अंतिम पूजा एवं सामूहिक पूजन का आयोजन होगा।

महोत्सव के दौरान 17 अक्टूबर को शाम 7 बजे से डांडिया महोत्सव का विशेष आयोजन किया जाएगा। डांडिया महोत्सव की तैयारियों के लिए 11 से 16 अक्टूबर तक रात 8 बजे से 10 बजे तक डांडिया रिहर्सल रखी गई है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों, श्रद्धालुओं एवं भक्तों से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। महोत्सव का आयोजन समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से किया जा रहा है। आयोजकों ने लोगों से मां दुर्गा की भक्ति में शामिल होकर नवरात्रि महोत्सव को श्रद्धा और उत्साह के साथ सफल बनाने का आह्वान किया है।

दृश्यम 3: बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका...

मुंबई। अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' ने सिनेमाघरों में आते ही बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान मचाया है कि बड़े-बड़े रिकॉर्ड पीछे छूट गए। अभिषेक पाठक के डायरेक्शन में बनी 'दृश्यम 3' 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर रिलीज हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन भारत में 66.75 करोड़ रुपए नेट कलेक्शन किया है। वहीं इसका इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 80.10 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। विदेशों में फिल्म ने करीब 15 करोड़ रुपए कमाए हैं। इस तरह फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन पहले दिन ही 95.10 करोड़ रुपए हो गया।

लाइफ Style

यामी

पॉजिटिव रिस्पॉन्स से खुश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ती जा रही है। दशहरा के मौके पर 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर के ट्रेलर को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पॉन्स से एक्ट्रेस भी काफी खुश हैं।

इसी बीच यामी अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचीं, जहां फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। फिल्म में फैंटेसी, ह्यूमर और एक्शन के साथ भारतीय परिवारों से जुड़े कई ऐसे पहलुओं को दिखाया गया है, जिनसे दर्शक खुद को जोड़ सकेंगे। पटना पहुंचने पर यामी गौतम धर का फैंस ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों से मिले प्यार को देखकर काफी खुश नजर आईं। इस दौरान उन्होंने फैंस के साथ फिल्म के ट्रेलर को मिल रहे रिस्पॉन्स का जश्न मनाया और उनका आभार जताया। 'नई नवेली' के ट्रेलर में यामी एक अलग और पहले से हटकर अंदाज में नजर आ रही हैं, जिसे लेकर दर्शकों के बीच फिल्म को देखने की उत्सुकता बनी हुई है।

फिल्म प्रमोशन के बीच यामी गौतम धर ने पटना साहिब गुरुद्वारे में भी मत्था टेका। यहां उन्होंने कुछ वक्त शांति के साथ बिताया और फिल्म की रिलीज से पहले आशीर्वाद लिया। पवित्र स्थल पर पहुंचकर यामी ने आभार व्यक्त किया। पटना दौरे के दौरान एक्ट्रेस का फैंस के साथ जुड़ना और गुरुद्वारे में दर्शन करना उनके प्रमोशनल सफर का खास हिस्सा रहा।

हॉलीवुड मसाला

कानूनी पचड़े में फंसी सिंगर...

लॉस एंजेलिस। मशहूर ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगा है। यह आरोप उनके गाने 'आई हैव सीन इट' को लेकर लगाया गया है। इसे लेकर वे कानूनी मुसीबत में घिर गई हैं। ओलाविया पर आरोप है कि उन्होंने बिल विथर्स के गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस' की नकल की है। सिंगर ओलिविया डीन पर एक म्यूजिक पब्लिशर ने आरोप लगाया है कि 'आई हैव सीन इट' गाने में बिल विथर्स के 1981 के मशहूर गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस' के कुछ हिस्सों की नकल की गई है।

वर्ल्ड वॉर जेड के सीक्वल की तैयारी

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रैड पिट के फैंस के लिए खुशखबरी है। उनकी 2013 की सुपरहिट हॉरर-एक्शन फिल्म 'वर्ल्ड वॉर जेट' के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। ब्रैड पिट एक बार फिर जॉम्बीज से जंग लड़ते नजर आने वाले हैं। 62 साल के एक्टर इस फिल्म में एक बार फिर गेरी लेन के किरदार में वापसी करेंगे। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट' और 'कॉनस्लेव' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर एडवर्ड बर्गर इसकी कमान संभालेंगे। पैरामाउंट पिक्चर्स इस लंबे समय से अटके प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रही है। 'वर्ल्ड वॉर जेड' के सीक्वल का सफर काफी लंबा रहा है। इससे पहले डेविड फिंचर के साथ फिल्म का एक वर्जन तैयार किया जा रहा था, लेकिन 2019 में वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।

कोमल रानी ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई। एक्टर गोविंदा और एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार इन दिनों अपने कथित अफेयर को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है, जिसके बाद उनके अफेयर की चर्चाएं तेज हो गईं। इस मामले में दिव्या खोसला और कश्मीरा शाह समेत कुछ सेलेब्स ने भी सुनीता आहूजा का सपोर्ट करते हुए कोमल रानी पर सवाल उठाए थे। अब एक्ट्रेस ने पहली बार इन तमाम बातों पर खुलकर जवाब दिया है। कोमल रानी ने गोविंदा के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'रूपा' का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों का साथ नजर आना काम का हिस्सा है। कोमल रानी ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा कि वह और गोविंदा साथ काम कर रहे हैं और आगे भी साथ नजर आएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर किसी को इससे परेशानी है तो वह जल सकता है।

अर्जुन की थ्रिलर फिल्म का हुआ ऐलान

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने 'धुरंधर' में मेजर इकबाल का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब उनके चाहने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, एक्टर की नई थ्रिलर फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम '3 मंकीज' है। फिल्म में अर्जुन रामपाल के साथ विशाल जेठवा, मुस्तफा बर्मावाला और तेनजिन दल्हा भी नजर आने वाले हैं और इसका निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया है। '3 मंकीज' का कैंपेन 'थ्री वाइज मंकीज' की मशहूर सोच को आज के समय के हिसाब से नए अंदाज में पेश करता है। मोशन पोस्टर में फिल्म के मुख्य किरदारों की झलक दिखाई गई है, लेकिन कहानी को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।'3 मंकीज' को अल्लारखा वोहरा, फारूक वोहरा और सईद वोहरा ने प्रोड्यूस किया है।

टीवी मसाला

अफवाहें फैलाने वालों पर तंज बोलीं- मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं

मुंबई। शहनाज गिल अपने बेबाक और मजाकिया अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर फैंस के बीच काफी दिलचस्पी रहती है। यही वजह है कि उनके बारे में अक्सर अफवाहें और कई तरह की खबरें सामने आती रहती हैं। कभी उनके लिंकअप की खबरें आती हैं तो कभी उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। हालांकि, शहनाज इन बातों को गंभीरता से लेने के बजाय मजाकिया अंदाज में जवाब देती हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान शहनाज ने अपने बारे में छपने वाली खबरों और सुर्खियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वह समझ सकती हैं कि ऐसी खबरें बनाने वालों का मकसद क्या होता है। शहनाज के मुताबिक, लोगों को खबरें बेचने के लिए कभी-कभी खराब या चटपटी हेडलाइन का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, जो लोग हेडलाइन बनाते हैं, मैं उनका इरादा समझ सकती हूं। उन्हें व्यूज चाहिए, वरना वो बेचारे न्यूज कैसे बेचेंगे अगर खराब हेडलाइन नहीं लगाएंगे। अगर मेरी जुबान फिसल गई और वो हेडलाइन बन गई, तो मैं बस दुआ करती हूं कि बेचारे को मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं। इतनी अच्छी बातों से तो कुछ फायदा नहीं हुआ है, पर किसी का तो भला हो।"



5 साल बाद पर्दे पर की वापसी

मुंबई। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी एक बार फिर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही हैं। वह फिल्ममेकर कपिल कौस्तुभ शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' में नजर आएंगी। फिल्म में तनीषा ऐसा किरदार निभा रही हैं, जो जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से गुजरता है। फिल्ममेकर कपिल ने तनीषा की तारीफ करते हुए कहा कि इस किरदार के लिए उन्हें एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत थी, जो कहानी में भावनाओं की गहराई और संवेदनशीलता ला सके। कपिल कौस्तुभ शर्मा ने कहा, तनीषा एक ऐसी एक्टर हैं, जिनमें एक खास तरह की भावनात्मक समझ है और इस किरदार के लिए यह बहुत जरूरी थी। कहानी जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से होकर गुजरती है और मैं चाहता था कि इस सफर को कोई पूरी ईमानदारी और गहराई के साथ पर्दे पर उतारे। 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' की कहानी मुंबई की पारसी कम्युनिटी के बीच सेट है। फिल्म 1990 के दशक से लेकर साल 2025 तक का दौर दिखाती है। इसमें रोमांस, ह्यूमर और इमोशन्स का मेल देखने को मिलेगा।

'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। परिणीति चोपड़ा एक इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर में नजर आने वाली हैं। थ्रिलर फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर अब आ गया है। ध्रुव त्रिपाठी के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म अवैध रेत खनन पर आधारित है और फिल्म में एक रिपोर्टर और उसके कैमरामैन की कहानी देखने को मिलेगी, जिन्हें एक दुखद घटना की जांच के दौरान एक खौफनाक सच्चाई का पता चलता है। मेकर्स ने हाल ही में 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर जारी किया है। 2 मिनट 2 सेकंड लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक जानलेवा घटना के साथ होती है, जो एक महत्वाकांक्षी रिपोर्टर संध्या और उसके कैमरामैन विनोद का ध्यान अपनी तरफ खींचती है। फिल्म में पत्रकार की भूमिका में परिणीति चोपड़ा और कैमरामैन के रोल में देवेन भोजानी नजर आएंगे। दोनों अवैध रेत खनन से जुड़ी दुखद घटना की जांच में लगे होते हैं और जैसे-जैसे वह मामले की गहराई में जाते हैं और ताकतवर लोगों से सवाल-जवाब करते हैं, हालात खतरनाक हो जाते हैं। हर एक जवाब एक नया सवाल खड़ा करता है, जिससे दोनों और अधिक जोखिम में फंसते जाते हैं।

'मैं ना रहा मेरा' का नया गाना रिलीज

मुंबई। फिल्म 'मैं ना रहा मेरा' के मेकर्स ने इसका नया गाना 'शायद' रिलीज कर दिया है। अध्ययन सुमन और दिविता राय पर फिल्माए गए इस गाने को रेखा भारद्वाज ने अपनी आवाज दी है। रेखा भारद्वाज ने बताया कि इस गाने की सबसे खास बात उन्हें इसकी सादगी लगी। 'शायद' के बारे में बात करते हुए रेखा भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए यह गाना शब्दों के पीछे छिपी भावनाओं को समझने के बारे में है। गाने के बोल में एक खास तरह की संवेदनशीलता है और राहुल नायर की धुन उस भावना को खुलकर सामने आने की जगह देती है। मैं चाहती थी कि मेरी आवाज ऐसी लगे जैसे कोई व्यक्ति सच में अपने दिल की बात कह रहा हो। मुझे खास तौर पर गाने की सादगी काफी पसंद आई है। इसी सादगी की वजह से गाना असरदार तरीके से बन पाया है। उन्होंने कहा, गाना उन भावनाओं को सामने लाता है जिन्हें अक्सर शब्दों में कहना आसान नहीं होता। प्यार के साथ आने वाली अनिश्चितता, किसी के लिए तड़प और दिल की कमजोरी को गाने में बेहद सहज तरीके से दिखाया गया है।

फ्रीडा ने दी करियर बदलने की सलाह

मुंबई। हरलीन सेठी के एक्टिंग करियर की शुरुआत डांस से हुई। वह डांस करती थीं और सिखाती भी थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात 'स्लमडॉग मिलेनियर' फेम अभिनेत्री फ्रीडा पिंटो से हुई। फ्रीडा ने हरलीन से डांस की कुछ पर्सनल क्लासेस ली थीं। इसी दौरान उन्होंने हरलीन से एक्टिंग में आने के बारे में पूछा। फ्रीडा उस वक्त फिल्म 'डेजर्ट डांसर' की तैयारी कर रही थीं। उन्हें अपने बॉडी मूवमेंट और परफॉर्मेंस पर काम करना था। इसके लिए उन्होंने हरलीन से ट्रेनिंग ली।

बॉक्स ऑफिस पर मनेगी दिवाली, सिनेमाघरों में धमाका करेंगी ये फिल्में

साल 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया। कई रिकॉर्ड हासिल करने के बाद यह कमाई के मामले में हिंदी भाषा की नंबर 1 फिल्म बन चुकी है। अगस्त में रिलीज हुई बेहद कम बजट की 'हनुमान अंश' ने तो चौंका ही दिया है। साल अभी खत्म नहीं हुआ है। पिक्चर अभी बाकी है। शेष तीन महीनों- अक्टूबर-नवंबर और दिसंबर में कई और बड़ी फिल्में रिलीज की कतार में हैं।

उड़ता तीर

रिलीज डेट: 9 अक्टूबर

आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, राहुल बोस और राम कपूर जैसे सितारों से सजी यह फिल्म अपने ट्रेलर रिलीज के बाद खूब चर्चा में है। यह एक स्पाई कॉमेडी फिल्म है। आयुष्मान खुराना पाकिस्तानी जासूस की भूमिका में है।

'प्रहार: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ उज्जवल निकम'

रिलीज डेट: 16 अक्टूबर

राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता फिल्म में भारत के एक मशहूर और जाने-माने विशेष लोक अभियोजक उज्जवल निकम की मुख्य भूमिका में हैं। उनके अलावा, ललित प्रभाकर आतंकवादी कसाब के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों पर आधारित है। अविनाश अरुण निर्देशित यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नई नवेली : अक्टूबर में दशहरे पर यामी गौतम एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज देने वाली हैं। उनकी फिल्म 'नई नवेली' फैमिली ड्रामा से भरपूर है। इसमें हॉरर का तड़का है। आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान बालाजी मोहन ने संभाली है।

पायर : नेशनल अवॉर्ड विजेता विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' अब सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। उत्तराखंड में शूट हुई यह फिल्म एक बुजुर्ग दंपति के प्यार, अकेलेपन और बच्चों के पलायन के बाद उनके इंतजार की कहानी दिखाती है। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को रिलीज होगी।

काली खेती : जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अभिनीत फिल्म 'काली खेती' भी रिलीज की कतार में है। यह एक रूरल हॉरर फिल्म है। फिल्म के निर्देशक और लेखक हारिस इम्तियाज खान हैं। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिल्म रिलीज डेट: 23 अक्टूबर।

रामायण पार्ट 1 : यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। नितेश तिवारी की यह मेगा बजट फिल्म दिवाली के अवसर पर इस साल दस्तक देने जा रही है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं। साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। रवि दुबे लक्ष्मण बने दिखेंगे। रिलीज डेट: 6 नवंबर 2026।

ये प्रेम मोल लिया : सूरज बड़जात्या पारिवारिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। अनुपम खेर भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। रिलीज डेट: 27 नवंबर।

ईठा : श्रद्धा कपूर अभिनीत इस फिल्म की भी काफी चर्चा है। यह इस साल दिसंबर में दस्तक देगी। इसका टीजर काफी पसंद किया गया। फिल्म 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लावणी सामज्ञी कलाकार विठाबाई नारायणगावकर के जीवन पर आधारित है। श्रद्धा इस फिल्म में बिठाबाई के किरदार में नजर आएंगी। रिलीज डेट: 04 दिसंबर।

निवेश मंत्रा
समझदारी

बाजार पूंजीकरण के आधार पर शेयरों की तीन प्रमुख श्रेणियां, फायदे-नुकसान जान लें, समझें कौन-सा विकल्प उपयुक्त

लार्ज, मिड या स्मॉलकैप : किसमें कितना निवेश करें

लार्जकैप शेयरों में आम तौर पर छोटी कंपनियों की तुलना में उतार-चढ़ाव कम हो सकता है। स्थापित कारोबार और मजबूत वित्तीय स्थिति कई बार बाजार में गिरावट के दौरान अपेक्षाकृत सहारा दे सकती है। कई बड़ी कंपनियां नियमित मुनाफा कमाने और लाभांश देने का भी रिकॉर्ड रखती हैं।

शेयर बाजार में निवेश शुरू करने वाले लोगों के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल अच्छे शेयर चुनना नहीं होती। यह समझना भी जरूरी है कि कंपनी किस श्रेणी में आती हैं और उसके शेयर में जोखिम कितना है। बाजार पूंजीकरण के आधार पर कंपनियों को मुख्य रूप से लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप श्रेणियों में देखा जाता है। इन तीनों श्रेणियों में कंपनियों का आकार, कारोबार की परिपक्वता, विकास की संभावना और शेयर की कीमत में उतार-चढ़ाव अलग-अलग हो सकता है। इसलिए निवेशक को केवल संभावित रिटर्न देखकर फैसला नहीं करना चाहिए। निवेश की अवधि, जोखिम उठाने की क्षमता और वित्तीय लक्ष्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

लार्जकैप: अपेक्षाकृत स्थिर कंपनियां

लार्जकैप कंपनियां बाजार पूंजीकरण के लिहाज से सबसे बड़ी कंपनियां होती हैं। भारतीय म्यूचुअल फंड वर्गीकरण में बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष 100 कंपनियां लार्जकैप श्रेणी में आती हैं। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों का कारोबार आमतौर पर स्थापित होता है और इनके पास मजबूत ब्रांड, बड़ा ग्राहक आधार तथा लंबे समय का कारोबारी अनुभव हो सकता है।

फायदा क्या?

लार्जकैप शेयरों में आम तौर पर छोटी कंपनियों की तुलना में उतार-चढ़ाव कम हो सकता है। स्थापित कारोबार और मजबूत वित्तीय स्थिति कई बार बाजार में गिरावट के दौरान अपेक्षाकृत सहारा दे सकती है। कई बड़ी कंपनियां नियमित मुनाफा कमाने और लाभांश देने का भी रिकॉर्ड रखती हैं।

जोखिम क्या?

स्थापित और बड़ी कंपनी के लिए बहुत तेज गति से कारोबार बढ़ाना मुश्किल हो सकता है। इसलिए कुछ परिस्थितियों में इनका विकास छोटे आकार की कंपनियों की तुलना में धीमा रह सकता है। इसका मतलब यह नहीं कि लार्जकैप में जोखिम नहीं है। आर्थिक संकट या बाजार में बड़ी गिरावट के दौरान इनके शेयर भी काफी नीचे जा सकते हैं।

किसके लिए?

लंबी अवधि के निवेशक, पहली बार शेयर बाजार में कदम रखने वाले और अपेक्षाकृत कम उतार-चढ़ाव पसंद करने वाले निवेशक अपने इक्विटी पोर्टफोलियो में लार्जकैप को आधार के तौर पर देख सकते हैं। हालांकि व्यक्तिगत शेयर चुनते समय कंपनी का मूल्यांकन और वित्तीय स्थिति देखना जरूरी है।

मिडकैप : विकास और जोखिम के बीच संतुलन

मिडकैप कंपनियां बाजार पूंजीकरण के लिहाज से 101वीं से 250वीं रैंक के बीच आती हैं। ये कंपनियां आमतौर पर अपने कारोबार को स्थापित कर चुकी होती हैं, लेकिन बड़ी कंपनियों की तुलना में इनके विस्तार की गुंजाइश अधिक हो सकती है। इनमें कई ऐसी कंपनियां होती हैं, जो आने वाले वर्षों में कारोबार और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर बड़ी कंपनियों की श्रेणी में पहुंच सकती हैं।

फायदा क्या?

मिडकैप कंपनियों के पास कारोबार बढ़ाने की संभावना अपेक्षाकृत अधिक हो सकती है। सफल कंपनियों में मुनाफा और बाजार मूल्य तेजी से बढ़ने की क्षमता होती है। यही वजह है कि लंबी अवधि में कुछ मिडकैप शेयरों ने लार्जकैप की तुलना में अधिक रिटर्न दिया है।

जोखिम क्या?

ज्यादा विकास क्षमता के साथ ज्यादा उतार-चढ़ाव भी आता है। आर्थिक मंदी, प्रतिस्पर्धा बढ़ने, कर्ज का दबाव या कारोबार के विस्तार में असफलता का असर मिडकैप कंपनियों पर पड़ सकता है। बाजार में गिरावट के दौरान मिडकैप शेयरों में लार्जकैप की तुलना में तेज गिरावट देखने को मिल सकती है। इसलिए इनमें निवेश करते समय धैर्य जरूरी है।

किसके लिए?

ऐसे निवेशक जिनकी निवेश अवधि लंबी है और जो बाजार में अस्थायी गिरावट को सहन कर सकते हैं, वे मिडकैप पर विचार कर सकते हैं। आम तौर पर 7-10 साल या उससे अधिक की अवधि वाले लक्ष्यों के लिए इस श्रेणी को देखा जाता है।

स्मॉलकैप: ज्यादा विकास क्षमता, ज्यादा जोखिम

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से 250वीं कंपनी के बाद आने वाली कंपनियां स्मॉलकैप श्रेणी में आती हैं। इनमें कई कंपनियां अपेक्षाकृत छोटे कारोबार से शुरुआत कर रही होती हैं और कुछ विशेष क्षेत्रों या नए कारोबारी अवसरों पर काम कर सकती हैं। इनमें से कुछ कंपनियां भविष्य में तेजी से विस्तार करके मिडकैप या लार्जकैप बन सकती हैं। लेकिन हर छोटी कंपनी ऐसा कर पाए, यह जरूरी नहीं है।

फायदा क्या?

छोटे आधार से कारोबार बढ़ाने वाली सफल कंपनियों में आय और मुनाफे की वृद्धि तेज हो सकती है। यदि कंपनी लंबे समय तक मजबूत प्रदर्शन करती है तो उसके शेयर में भी बड़ी वृद्धि देखने को मिल सकती है।

जोखिम क्या?

स्मॉलकैप शेयर तीनों श्रेणियों में सबसे ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले हो सकते हैं। छोटे कारोबार को आर्थिक मंदी, पूंजी की कमी, प्रतिस्पर्धा और प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं का ज्यादा असर पड़ सकता है। बाजार में तेजी के दौरान ऐसे शेयर तेजी से बढ़ सकते हैं, लेकिन गिरावट में नुकसान भी तेज हो सकता है। हर स्मॉलकैप कंपनी भविष्य की बड़ी कंपनी बनेगी, यह मानना जोखिमपूर्ण है।

किसके लिए?

स्मॉलकैप आम तौर पर ऐसे निवेशकों के लिए अधिक उपयुक्त माने जाते हैं, जिनकी निवेश अवधि लंबी है और जो ज्यादा जोखिम उठा सकते हैं। ऐसे निवेशकों के लिए भी पूरी रकम स्मॉलकैप में लगाने के बजाय कुल पोर्टफोलियो में इसकी भूमिका और जोखिम को समझना महत्वपूर्ण है।

तीनों में अंतर एक नजर में

- श्रेणी कंपनियों का आकार विकास की संभावना उतार-चढ़ाव निवेश अवधि
- लार्जकैप सबसे बड़ी कंपनियां अपेक्षाकृत स्थिर अपेक्षाकृत कम लंबी अवधि
- मिडकैप मध्यम आकार की कंपनियां अपेक्षाकृत अधिक मध्यम से अधिक 7-10 साल या अधिक
- स्मॉलकैप छोटी कंपनियां अधिक हो सकती है सबसे अधिक बहुत लंबी अवधि

क्या तीनों में निवेश किया जा सकता है?

हां। निवेशक अपनी जोखिम क्षमता और लक्ष्य के अनुसार तीनों श्रेणियों में अलग-अलग स्तर पर निवेश कर सकता है। कई म्यूचुअल फंड योजनाएं भी अलग-अलग बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों में निवेश करती हैं। फ्लेक्सीकैप जैसे फंडों में फंड मैनेजर को लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियों के बीच निवेश का फैसला करने की अधिक स्वतंत्रता होती है। इससे निवेशक को एक ही फंड के माध्यम से अलग-अलग श्रेणियों का एक्सपोजर मिल सकता है।

तेजी के बाजार में स्मॉलकैप बेहतर हैं?

सिर्फ बाजार में तेजी देखकर स्मॉलकैप को बेहतर मानना सही नहीं है। तेज बाजार में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ने पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी अधिक दिखाई दे सकती है, लेकिन बाजार की दिशा बदलने पर इन्हीं शेयरों में गिरावट भी तेज हो सकती है। इसलिए किसी श्रेणी का चुनाव केवल मौजूदा बाजार माहौल देखकर करने के बजाय निवेश के लक्ष्य और समयावधि के आधार पर करना चाहिए।

निवेशक के लिए जरूरी बात

लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप में अंतर समझना जरूरी है, लेकिन केवल कंपनी का आकार देखकर शेयर खरीदना पर्याप्त नहीं है। कंपनी की आय, मुनाफा, कर्ज, नकदी प्रवाह, कारोबार की गुणवत्ता, प्रबंधन और शेयर का मूल्यांकन भी देखना चाहिए।

मिडकैप में विकास और जोखिम का मिश्रण

लार्जकैप में अपेक्षाकृत स्थिर और स्थापित कारोबार मिल सकते हैं, मिडकैप में विकास और जोखिम का मिश्रण हो सकता है, जबकि स्मॉलकैप में अधिक विकास क्षमता के साथ ज्यादा उतार-चढ़ाव का जोखिम रहता है। इसलिए निवेश का सही सवाल यह नहीं है कि लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप में से कौन सबसे अच्छा है। सही सवाल यह है कि आपके वित्तीय लक्ष्य, निवेश अवधि और जोखिम क्षमता के हिसाब से इन तीनों में कितना जोखिम लेना उचित है।

वरना बढ़ती सैलरी भी नहीं बढ़ा पाएगी आमदनी

नौकरी शुरू करने के बाद शुरुआती पांच साल किसी भी व्यक्ति की वित्तीय जिंदगी के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान आमदनी धीरे-धीरे बढ़ती है, आर्थिक स्वतंत्रता आती है और अपने फैसले खुद लेने का मौका मिलता है। लेकिन इसी दौर में कई ऐसी आदतें भी बन जाती हैं, जिनका असर लंबे समय तक दिखाई देता है। पहली सैलरी से लेकर पांचवें साल तक अगर खर्च लगातार बढ़ता जाए, निवेश को टाला जाता रहे और क्रेडिट कार्ड या कर्ज पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता हो, तो बढ़ती आमदनी के बावजूद संपत्ति तेजी से नहीं बढ़ती। दूसरी तरफ, इसी समय नियमित बचत, निवेश, आपातकालीन निधि और कौशल विकास की आदत बना ली जाए तो आगे की वित्तीय यात्रा मजबूत हो सकती है।

मार्केट मंत्र | बिजनेस डेस्क

कमाई के पहले पांच साल में इन बातों को रखें ध्यान

न करें ये कुछ बड़ी गलतियां

सैलरी बढ़ते ही खर्च बढ़ाना

करियर के शुरुआती वर्षों में वेतन बढ़ना अच्छी बात है, लेकिन हर बढ़ोतरी को खर्च करने का मौका मान लेना नुकसानदेह हो सकता है। महंगा किराया, नया मोबाइल, कार, लगातार बाहर खाना, छुट्टियां और ऑनलाइन खरीदारी जैसे खर्च धीरे-धीरे बजट का बड़ा हिस्सा बन सकते हैं। अगर सैलरी 10 प्रतिशत बढ़ी और खर्च भी करीब उतना ही बढ़ गया, तो आमदनी बढ़ने के बावजूद बचत और निवेश में खास सुधार नहीं होगा। इसलिए वेतन बढ़ने पर खर्च बढ़ाने से पहले बचत और निवेश की राशि बढ़ाने पर ध्यान देना बेहतर है।

निवेश को बाद के लिए न टालें

युवा नौकरीपेशा लोगों को अक्सर लगता है कि रिटायरमेंट अभी बहुत दूर है। इसलिए वे निवेश शुरू करने के बजाय सोचते हैं कि कुछ साल बाद ज्यादा कमाई होने पर शुरुआत करेंगे। लेकिन निवेश में समय बहुत महत्वपूर्ण है। शुरुआती उम्र में छोटी रकम भी लंबे समय तक निवेशित रहने पर चक्रवृद्धि की वजह से बड़ी हो सकती है। दूसरी तरफ, पांच-दस साल की देरी की भरपाई के लिए बाद में ज्यादा रकम निवेश करनी पड़ सकती है।

आपातकालीन निधि न बनाना

कई युवा निवेश पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन अचानक आने वाले खर्च के लिए अलग रकम नहीं रखते। नौकरी जाने, परिवार में आपात स्थिति, बीमारी, घर की मरम्मत या किसी अन्य अनपेक्षित खर्च के समय ऐसी कमी भारी पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में निवेश तोड़ना या महंगे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ सकता है। इसलिए सामान्य तौर पर कम से कम छह महीने के जरूरी खर्च के बराबर आपातकालीन निधि बनाने को प्राथमिकता दी जाती है। इसे ऐसे साधन में रखना चाहिए जहां जरूरत पड़ने पर पैसा आसानी से उपलब्ध हो।

कंपनी की सुविधाओं को नजरअंदाज करना गलत

कई कर्मचारी अपने नियोक्ता की ओर से मिलने वाली सुविधाओं की पूरी जानकारी नहीं लेते। भविष्य निधि, स्वास्थ्य बीमा, अतिरिक्त बीमा कवर, सेवानिवृत्ति योजनाएं, स्टॉक विकल्प या शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं कुल वित्तीय लाभ का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकती हैं। नौकरी बदलते समय भी यह देखना जरूरी है कि पुरानी कंपनी की कौन-सी सुविधा जारी रखनी है और नई कंपनी में कौन-सा अतिरिक्त लाभ उपलब्ध है।

क्रेडिट कार्ड और आसान कर्ज का गलत इस्तेमाल

क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता ऋण और 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें' जैसी सुविधाओं ने खरीदारी आसान कर दी है। लेकिन सुविधा और जरूरत के बीच अंतर समझना जरूरी है। ऐसी चीजों के लिए कर्ज लेना जिनकी कीमत समय के साथ घटती है, भविष्य की बचत को प्रभावित कर सकता है। खासकर क्रेडिट कार्ड का बकाया समय पर पूरा नहीं करने पर ब्याज तेजी से बढ़ सकता है। इसलिए कर्ज लेने से पहले यह देखना चाहिए कि वह संपत्ति बनाने में मदद कर रहा है या केवल मौजूदा खर्च को आगे खिसका रहा है।

सोशल मीडिया देखकर निवेश करना

किसी शेयर, क्रिप्टोकरेंसी या किसी नए निवेश विकल्प के तेजी से बढ़ने की खबर देखकर तुरंत पैसा लगा देना जोखिमपूर्ण हो सकता है। सोशल मीडिया पर दिख रहा पिछला रिटर्न भविष्य के प्रदर्शन की गारंटी नहीं होता। निवेश का आधार किसी ट्रेंड या इंटरनेट पर चल रही चर्चा के बजाय लक्ष्य, समयावधि, जोखिम क्षमता और निवेश की समझ होनी चाहिए। विविधीकरण और नियमित निवेश की रणनीति भी इसी वजह से महत्वपूर्ण मानी जाती है।

बड़े खर्चों की योजना न बनाना

शादी, घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा और रिटायरमेंट जैसे लक्ष्य शुरुआती करियर में दूर लग सकते हैं। लेकिन महंगाई के कारण भविष्य में इनकी लागत आज की तुलना में काफी अधिक हो सकती है। अगर इन लक्ष्यों के लिए पहले से निवेश शुरू नहीं किया गया तो बाद में अचानक बड़ी रकम जुटाने का दबाव बन सकता है। इसलिए अलग-अलग लक्ष्यों के लिए अलग समयसीमा और निवेश योजना बनाना उपयोगी रहता है।

बीमा को नजरअंदाज करना

कई युवा मानते हैं कि कम उम्र में बीमा की जरूरत नहीं है। कंपनी की ओर से मिलने वाला स्वास्थ्य बीमा भी उन्हें पर्याप्त लगता है। लेकिन नियोक्ता का बीमा नौकरी बदलने या नौकरी खत्म होने पर जारी रहे, यह जरूरी नहीं है। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ने के साथ पर्याप्त स्वास्थ्य और जीवन बीमा की जरूरत भी बदल सकती है।

अपनी कमाई की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान न देना

शुरुआती करियर में केवल खर्च कम करना और निवेश बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है। व्यक्ति की सबसे बड़ी संपत्ति उसकी कमाने की क्षमता होती है। नई तकनीक सीखना, प्रमाणपत्र हासिल करना, उच्च शिक्षा, विशेषज्ञता विकसित करना और पेशेवर नेटवर्क मजबूत करना भविष्य की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अगर किसी कौशल को सीखने पर आय में बड़ा सुधार संभव है, तो शुरुआती वर्षों में उस पर किया गया खर्च लंबे समय में किसी सामान्य निवेश से भी अधिक प्रभाव डाल सकता है।

छोटी आदतें बना सकती हैं बड़ा अंतर

कमाई के शुरुआती पांच साल में वित्तीय अनुशासन का मतलब यह नहीं है कि व्यक्ति अपनी हर इच्छा छोड़ दे। असली लक्ष्य यह है कि बढ़ती आय का पूरा हिस्सा बढ़ती जीवनशैली पर खर्च न हो। सैलरी बढ़ने पर निवेश बढ़ाना, आपातकालीन निधि बनाना, महंगे कर्ज से बचना, बीमा की समीक्षा करना और अपनी कमाई की क्षमता बढ़ाना। ये आदतें धीरे-धीरे मजबूत वित्तीय आधार तैयार कर सकती हैं।

रिटायरमेंट पर एनपीएस का पूरा पैसा निकालना जरूरी नहीं

बिजनेस डेस्क। रिटायरमेंट के बाद एनपीएस का पैसा एक साथ निकाल लेना ही एकमात्र विकल्प नहीं है। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण यानी पीएफआरडीए के नियमों में ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिनके तहत पात्र एनपीएस सब्सक्राइबर 60 वर्ष की उम्र या सेवानिवृत्ति के बाद भी अपना पैसा एनपीएस में बनाए रख सकते हैं और निकासी को आगे के वर्षों में टाल सकते हैं। सामान्य तौर पर यह सुविधा 75 वर्ष की उम्र तक उपलब्ध है। इसका मतलब यह नहीं है कि एनपीएस में 60 साल के बाद कोई तय ब्याज दर मिलती है। एनपीएस बाजार से जुड़ा निवेश है और इसमें मिलने वाला रिटर्न गारंटीड नहीं होता। खाते में बची रकम संबंधित निवेश विकल्पों के प्रदर्शन के अनुसार बढ़ या घट सकती है। पीएफआरडीए के अनुसार पात्र सब्सक्राइबर 60 वर्ष की उम्र या सुपरएनुएशन के बाद भी एनपीएस में बने रह सकते हैं। वह 75 वर्ष तक खाते को जारी रख सकते हैं या बीच में किसी भी समय बाहर निकल सकते हैं। एकमुश्त निकासी को टालने का विकल्प है। सब्सक्राइबर एकमुश्त राशि को बाद में निकाल सकता है या इसे चरणबद्ध तरीके से निकाल सकता है। पीएफआरडीए ने सिस्टेमैटिक लंपसम विड्रॉल यानी एसएलडब्ल्यू की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

एसएलडब्ल्यू से धीरे-धीरे निकाल सकते हैं पैसा

मान लीजिए रिटायरमेंट के समय किसी को एनपीएस से मिलने वाली एकमुश्त राशि बड़ी है और उसे पूरी रकम की तत्काल जरूरत नहीं है। ऐसे में पूरी रकम एक साथ बैंक खाते में लेने के बजाय वह चरणबद्ध निकासी का विकल्प चुन सकता है। एसएलडब्ल्यू के तहत निर्धारित अवधि में राशि निकालने की सुविधा मिलती है। पीएफआरडीए ने इस सुविधा को इसी उद्देश्य से शुरू किया है कि सब्सक्राइबर को एकमुश्त रकम निकालने के बजाय उसे व्यवस्थित तरीके से इस्तेमाल करने का विकल्प मिले।

जुलाई 2026 में बदले एनपीएस के नियम

जुलाई 2026 में पीएफआरडीए ने निकासी नियमों में बदलाव किया है। इसलिए पुराने 60% एकमुश्त और 40% वार्षिकी वाले नियम को हर एनपीएस श्रेणी पर लागू मानना सही नहीं है। ऑल-सिटिजन मॉडल में सामान्य निकासी के लिए पात्रता और कॉर्पस के आकार के आधार पर अब अधिकतम 80% राशि एकमुश्त निकालने तथा कम से कम 20% राशि से वार्षिकी लेने का विकल्प उपलब्ध है। कुछ छोटे कॉर्पस के लिए पूरी रकम निकालने अथवा एसएलडब्ल्यू जैसे विकल्प भी उपलब्ध हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र के मौजूदा नियमों में सामान्य निकासी पर अधिकतम 60% एकमुश्त और कम से कम 40% वार्षिकी का प्रावधान बना हुआ है। इसलिए एनपीएस में पैसा लगाने वाले व्यक्ति को अपने मॉडल और लागू नियम के अनुसार ही गणना करनी चाहिए।

एनपीएस में बचा पैसा कैसे बढ़ेगा?

एनपीएस में जमा रकम बाजार से जुड़े विभिन्न विकल्पों में निवेशित होती है। इसलिए रिटायरमेंट के बाद खाते में बची रकम पर कोई निश्चित 10% या 12% ब्याज मिलने की गारंटी नहीं है। निवेश का प्रदर्शन इक्विटी, कॉरपोरेट बॉन्ड और सरकारी प्रतिभूतियों जैसे विकल्पों में किए गए आवंटन तथा बाजार की स्थिति पर निर्भर करता है। इसलिए यह कहना सही नहीं होगा कि 60 से 75 वर्ष के बीच एनपीएस निश्चित रूप से बैंक एफडी से ज्यादा रिटर्न देगा। यही कारण है कि रिटायरमेंट के बाद एनपीएस में पैसा बनाए रखने का फैसला केवल पिछले रिटर्न देखकर नहीं करना चाहिए। नियमित आय की जरूरत, महंगाई, कर प्रभाव और परिवार की वित्तीय जरूरतों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

पूरा पैसा एफडी में डालना भी हमेशा जरूरी नहीं

रिटायरमेंट के समय बड़ी रकम हाथ में आने पर उसे पूरी तरह बचत खाते या एफडी में रखना आसान विकल्प लग सकता है। लेकिन एफडी और एनपीएस की प्रकृति अलग है। एफडी में ब्याज दर पहले से तय होती है, जबकि एनपीएस बाजार से जुड़ा होता है। एफडी में पूंजी की स्थिरता अपेक्षाकृत अधिक होती है, जबकि एनपीएस में बाजार उतार-चढ़ाव का जोखिम रहता है। दोनों की तुलना केवल ब्याज दर के आधार पर करना उचित नहीं है। रिटायरमेंट के बाद पैसे का कुछ हिस्सा नियमित खर्च के लिए सुरक्षित साधनों में और शेष रकम दीर्घकालिक जरूरत के अनुसार अलग-अलग विकल्पों में रखना कुछ निवेशकों के लिए उपयोगी रणनीति हो सकती है।

शेयर गिरने पर खरीदारी बढ़ाएं या फिर एसआईपी जारी रखें?

1. शेयर में गिरावट हमेशा खरीदारी का मौका नहीं होता
2. एसआईपी बाजार के उतार-चढ़ाव को कर सकती है संतुलित

शेयर बाजार में गिरावट आते ही निवेशकों को अक्सर सलाह दी जाती है कि भाव कम हो गए हैं, इसलिए और खरीदारी करके औसत लागत घटा लें। मसलन, अगर कोई शेयर 1,000 रुपये पर अच्छा लग रहा था तो 800 रुपये पर वह और सस्ता नजर आ सकता है। लेकिन निवेश का यह गणित हर शेयर पर लागू नहीं होता। सवाल यह है कि गिरावट सिर्फ शेयर के भाव में आई है या कंपनी के कारोबार में भी कमजोरी आई है? यही अंतर शेयरों में औसत लागत घटाने और म्यूचुअल फंड में नियमित निवेश के बीच सबसे महत्वपूर्ण है। गलत शेयर में लगातार पैसा लगाते जाना नुकसान को कम करने के बजाय बढ़ा भी सकता है।

क्या है औसत लागत का तरीका?

किसी शेयर या म्यूचुअल फंड में अलग-अलग समय पर अलग-अलग कीमतों पर निवेश करने को औसत लागत का तरीका कहा जा सकता है। इसका उद्देश्य एक ही कीमत पर पूरी रकम लगाने के बजाय कई स्तरों पर खरीदारी करना है। उदाहरण के लिए, किसी शेयर को 1,000 रुपये पर खरीदा और बाद में 800 रुपये पर फिर खरीदा तो दोनों खरीद की औसत लागत 900 रुपये होगी। शेयर की कीमत दोबारा बढ़ने पर निवेशक को शुरुआती खरीद की तुलना में जल्दी लाभ की स्थिति मिल सकती है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण बात है। औसत लागत कम होना और निवेश का जोखिम कम होना एक ही बात नहीं है।

भाव बढ़ने पर खरीदना भी है औसत बढ़ाना

औसत लागत की चर्चा में आमतौर पर गिरते शेयर में खरीदारी की बात होती है, लेकिन भाव बढ़ने पर भी निवेश बढ़ाया जा सकता है। इसे औसत बढ़ाना कहा जा सकता है। यदि किसी कंपनी के कारोबार, मुनाफे और भविष्य की संभावनाओं में सुधार हो रहा है और शेयर का भाव उसी वजह से बढ़ रहा है, तो कुछ निवेशक बढ़ी हुई कीमत पर भी धीरे-धीरे खरीदारी जारी रखते हैं। यहां फैसला सिर्फ भाव देखकर नहीं, बल्कि कंपनी के प्रदर्शन और भविष्य की संभावनाओं को देखकर करना जरूरी है।

म्यूचुअल फंड में एसआईपी क्यों अलग है?

म्यूचुअल फंड में एसआईपी औसत लागत के सिद्धांत को काफी व्यवस्थित तरीके से लागू करती है। निवेशक हर महीने एक तय रकम लगाता है। बाजार नीचे होने पर उसी रकम से ज्यादा यूनिट मिलती हैं और बाजार ऊपर होने पर कम यूनिट मिलती हैं। इससे निवेशक को हर बार बाजार का सही स्तर पहचानने की जरूरत नहीं पड़ती। लंबे समय में अलग-अलग भाव पर खरीदी गई यूनिट का औसत मूल्य बनता रहता है। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई निवेशक हर महीने 5,000 रुपये की एसआईपी करता है और बाजार में गिरावट आती है तो उस महीने उसे अधिक यूनिट मिलेंगी। बाजार चढ़ने पर कम यूनिट मिलेंगी। बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच निवेश लगातार चलता रहता है।

म्यूचुअल फंड में बंट जाता है जोखिम

म्यूचुअल फंड और व्यक्तिगत शेयर में सबसे बड़ा अंतर विविधीकरण का है। सामान्य तौर पर म्यूचुअल फंड का पैसा कई कंपनियों और क्षेत्रों में लगाया जाता है। किसी एक कंपनी का प्रदर्शन खराब होने पर उसका असर पूरे निवेश पर उसी अनुपात में नहीं पड़ता। फंड का पोर्टफोलियो फंड मैनेजर की निगरानी में रहता है। फंड की रणनीति के अनुसार कमजोर कंपनियों में निवेश घटाया या समाप्त किया जा सकता है और दूसरी कंपनियों को शामिल किया जा सकता है।

शेयर में गिरावट आए तो सावधान

व्यक्तिगत शेयर में औसत लागत घटाना कहीं ज्यादा सावधानी मांगता है। किसी शेयर का भाव गिरने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। बाजार की सामान्य गिरावट या किसी क्षेत्र में अस्थायी कमजोरी एक वजह हो सकती है। कंपनी के मुनाफे में लगातार गिरावट, कर्ज बढ़ना, बाजार हिस्सेदारी कम होना, नकदी प्रवाह कमजोर होना या प्रबंधन से जुड़े गंभीर सवाल दूसरी वजह हो सकते हैं। पहली स्थिति में गिरावट अस्थायी हो सकती है। दूसरी स्थिति में कम भाव कंपनी के कमजोर होते कारोबार का संकेत भी हो सकता है। ऐसे में सिर्फ यह सोचकर खरीदारी करते जाना कि शेयर पहले 1,000 का था और अब 500 रुपये का हो गया है, खतरनाक हो सकता है। शेयर का भाव 50 फीसदी गिरने का मतलब यह नहीं कि वह 50 फीसदी सस्ता ही हो गया है।

औसत घटाने से पहले ये सवाल पूछें

■ कंपनी की बिक्री और मुनाफा किस दिशा में जा रहा है? ■ कंपनी पर कर्ज बढ़ तो नहीं रहा? ■ नकदी प्रवाह मजबूत है या कमजोर? ■ कंपनी का बाजार हिस्सा बढ़ रहा है या घट रहा है? ■ प्रबंधन और कॉरपोरेट गवर्नेंस से जुड़े कोई गंभीर सवाल तो नहीं? ■ शेयर में गिरावट पूरे बाजार की वजह से है या कंपनी की अपनी समस्या है? ■ मौजूदा कीमत पर कंपनी का मूल्यांकन उचित है या नहीं? ■ इन सवालों के जवाब सकारात्मक हैं तो गिरावट पर चरणबद्ध खरीदारी पर विचार किया जा सकता है। लेकिन अगर कंपनी के मूल कारोबार में लगातार कमजोरी है तो केवल औसत लागत घटाने के लिए पैसा लगाना जोखिम बढ़ा सकता है।

एक ही शेयर या फंड में लगातार पैसा न लगाएं

औसत लागत घटाने की कोशिश में एक और गलती हो सकती है। किसी एक शेयर या फंड में जरूरत से ज्यादा पैसा लग जाना। किसी निवेश में लगातार रकम बढ़ाते रहने से पोर्टफोलियो में उसका हिस्सा बहुत बड़ा हो सकता है। इसलिए निवेशक को समय-समय पर अपने पूरे पोर्टफोलियो की समीक्षा करनी चाहिए और यह देखना चाहिए कि किसी एक कंपनी, क्षेत्र या फंड में जरूरत से ज्यादा एकाग्रता तो नहीं हो रही। गिरावट देखकर नहीं, कारण समझकर फैसला करना चाहिए।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया कांग्रेस पर हमला, जनादेश का अपमान बताया

जब जनता कांग्रेस को नकारती है, तो कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं और जनता के जनादेश को बदनाम करने लगती है: शिवराज सिंह

कहा, चुनावी हार छिपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं पर हमला और लोकतंत्र को बदनाम करना ही कांग्रेस का एजेंडा बन चुका है

नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को 'अवैध' बताना संवैधानिक संस्थाओं और जनादेश का अपमान है। चौहान ने कहा कि राहुल के निर्देश पर खड़गे द्वारा दिया गया बयान उनकी हताशा, पराजय और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रहार करने की पुरानी परिपाटी का एक और प्रमाण है। जब-जब जनता कांग्रेस को चुनावों में नकारती है, तब-तब कांग्रेस, चुनाव आयोग, ईवीएम को बदनाम करने की साजिश करती है।

कांग्रेस का लोकतंत्र तभी वैध जब वो सत्ता में

उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस की नजर में लोकतंत्र केवल तभी वैध होता है, जब गांधी परिवार या कांग्रेस सत्ता में हो? जहां एक लोकतांत्रिक देश में किसी सरकार का 5 साल तक चल जाना भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है, वहीं भारत जैसे विविधतापूर्ण और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लगातार 3 बार मुख्यमंत्री पद पर और फिर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में जनता द्वारा ऐतिहासिक बहुमत से चुना जाना यह साबित करता है कि देश की जनता का विश्वास किस पर है?

खरगे जनता को गुमराह कर रहे

सिंह ने कहा कि खड़गे ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023 को संसद के दोनों सदनों द्वारा पूरी तरह लोकतांत्रिक, संवैधानिक और पारदर्शी तरीके से पारित किया गया है। इसमें नेता प्रतिपक्ष को चयन समिति का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है।

कांग्रेस ने दशकों तक मनमानी ढंग से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की

कांग्रेस शायद अपना इतिहास भूल गई है। दशकों तक कांग्रेस सरकारों ने बिना किसी कानून या पारदर्शी चयन समिति के, केवल प्रधानमंत्री कार्यालय की एक पर्ची पर मनमाने तरीके से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की और बाद में उन्हें मंत्री पद तथा सांसद का इनाम दिया। आज जब एक वैधानिक और पारदर्शी व्यवस्था बनी है, तो कांग्रेस निराधार आरोप लगा रही है। मतदाता सूची को अपडेट करना, फर्जी और दोहरे नामों को हटाना तथा योग्य नागरिकों को जोड़ना चुनाव आयोग की एक सतत और वैधानिक प्रक्रिया है। चुनाव आयोग नियमों के तहत पारदर्शी तरीके से दावा और आपत्ति के फॉर्म स्वीकार करता है। कांग्रेस 'गरीबों' और 'मुस्लिम अल्पसंख्यकों' के नाम पर डर और भ्रम का माहौल बनाकर अपनी तुष्टीकरण की राजनीति को जिंदा रखना चाहती है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल वैध और निष्पक्ष मतदान का पक्षधर है।

जहां कांग्रेस जीतती है, वहां ईवीएम पर आपत्ति नहीं

चौहान ने कहा कि जब कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना या हिमाचल में जीतती है, तब उसे ईवीएम पर कोई आपत्ति नहीं होती। जब जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति को खारिज कर देती है, तो हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय बार-बार ईवीएम की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर अपनी मुहर लगा चुका है। कांग्रेस देश को बूथ कैप्चरिंग, मतपेटी लूटने के दौर में लाना चाहती है।

खबर संक्षेप

बंगाल विस स्पीकर की तबीयत बिगड़ी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष रथिंद्र बोस को शुक्रवार रात सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका पूर्वी कोलकाता में ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास के पास एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी स्वास्थ्य स्थिति लगभग स्थिर है। शुक्रवार को 2कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था।

कैश फॉर जॉब मामले में सुनवाई फिर टली

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन के बदले नौकरी से जुड़े लारा प्रोजेक्ट मनी लॉन्ड्रिंग केस में औपचारिक रूप से आरोप तय करने की कार्यवाही शनिवार को टाल दी। अब अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी कोर्ट पहुंचे।

बैंक के 16.35 करोड़ लौटाए, फिर भी जेल

पंचकूला। बैंक धोखाधड़ी मामले में पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष मजिस्ट्रेट अदालत ने दोषी सुशील कुमार गर्ग को 1 साल की सजा सुनाई है। उस पर 15 हजार जुर्माना भी लगाया है। दोषी ने मुकदमे के दौरान बैंक की पूरी बकाया राशि 16.35 करोड़ चुका दी थी। इस मामले में दोषी की ओर से कहा गया कि वह परिवार का इकलौता कमाने वाला है।

हिंगोली में 3 घंटे में भूकंप के 2 झटके

मुंबई। महाराष्ट्र के हिंगोली जिले के कई इलाकों में शनिवार सुबह कुछ ही घंटों के अंतराल पर भूकंप के 2 हल्के झटके महसूस किए गए। इससे स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया। किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जिला आपदा प्रबंधन के अनुसार, पहला झटका सुबह करीब 7:46 बजे लगा, तीव्रता 3.3 मापी गई।

चारधाम यात्रा पर आए 4 श्रद्धालुओं की मौत

देहरादून। उत्तराखंड में पिछले 3 दिन में अलग-अलग घटनाओं में चारधाम यात्रा पर आए 4श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार गंगोत्री धाम के दर्शन कर शुक्रवार को लौट रहे एक तीर्थयात्री की भटवाड़ी में तबीयत बिगड़ गई। परिजन स्वास्थ्य केंद्र ले गए, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

राहुल ने लॉन्च किया 'सत्याग्रह' पोर्टल, कहानी साझा करने की अपील की

'संघर्ष जोड़ो, भारत जोड़ो' के तहत देशभर से जानकारी जुटाएंगे और लोगों को भी जोड़ेंगे

अलग आवाजों को एक नक्शे पर लाने की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'सत्याग्रह' नाम का डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य देशभर में चल रहे अलग-अलग विरोध प्रदर्शनों और आंदोलनों की जानकारी को एक जगह जुटाना और समान मुद्दों पर संघर्ष कर रहे लोगों को जोड़ना है। राहुल ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर लोगों से अन्याय के खिलाफ अपने संघर्ष की कहानी साझा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारी अपने मुद्दे की जानकारी प्लेटफॉर्म पर दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा इंटरैक्टिव मैप के जरिए देश के अलग-अलग हिस्सों में समान मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों को भी देखा जा सकता है। राहुल ने कहा कि देशभर में कई लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई बार उन्हें अकेले अपनी आवाज उठानी पड़ती है। उन्होंने छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं से जुड़े आंदोलनों का जिक्र किया।

आंदोलन का डिजिटल प्लेटफॉर्म

लोगों का संघर्ष दिखेगा

अकेले उठने वाली आवाज दब सकती है। ऐसे में 'सत्याग्रह' के जरिए इन आवाजों को एक नक्शे पर लाने की कोशिश की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर वे किसी अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं तो कहानी साझा करें। वह कहानी प्लेटफॉर्म के मैप पर दिखाई देगी और लोग यह भी देख सकेंगे कि देश के दूसरे हिस्सों में कौन लोग इसी तरह के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

संसद और सड़क पर साथ देने की बात

राहुल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह जरूरत के मुताबिक इन मुद्दों को संसद में उठाने, सड़कों पर लोगों के साथ खड़े होने और पत्र लिखने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी उनकी जरूरत होगी, वह लोगों के साथ खड़े होने का प्रयास करेंगे। राहुल गांधी ने इसे नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपनी जिम्मेदारी बताया।

महंगाई, किसान और महिला सुरक्षा

राहुल ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में कई मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चल रहे इन प्रदर्शनों की जानकारी को एक जगह लाने के उद्देश्य से वेबसाइट शुरू की गई है। राहुल ने कहा कि उनका प्रदर्शन बड़ा हो या छोटा, वे वेबसाइट पर उसकी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए नाम, समूह का नाम और प्रदर्शन किस मुद्दे को लेकर है, इसकी जानकारी दें। यदि किसी आंदोलन या प्रदर्शन को उनकी मदद की जरूरत होगी या लोग उनसे समर्थन मांगेंगे तो देंगे।

खरगे ने कहा- लोकसभा और विधानसभाएं भंग करो

गैरकानूनी तरीके से पद पर हैं मोदी-शाह, बैलेट पेपर से हों चुनाव

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं को भंग करने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि सभी चुनाव गैर-कानूनी हैं और इसी आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राज्यों के मुख्यमंत्री भी गैर-कानूनी हैं।

खरगे ने मांग की कि सभी सदनों को भंग कर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं और इन चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर का इस्तेमाल हो। पत्रकारों से बातचीत में खरगे ने कहा कि आज पूरा देश गैर-कानूनी चुनावों के आधार पर चल रहा है। मोदी एक गैर-कानूनी प्रधानमंत्री हैं, शाह एक गैर-कानूनी मंत्री हैं और जहां भी मुख्यमंत्री चुने गए हैं, वे सभी गैर-कानूनी हैं।

एसआईआर को लेकर साधा निशाना

कर्नाटक में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के कई राज्यों में चल रही एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में कई गड़बड़ियां हैं और सरकार की ओर से कई गलतियां की जा रही हैं। इसका सीधा असर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर पड़ रहा है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है।

मध्य प्रदेश-कर्नाटक संगम की पहल

सांस्कृतिक खोज और युवा आदान-प्रदान यात्रा शुरू की

सातवें चरण का आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षा मंत्रालय का उच्च शिक्षा विभाग, युवाओं के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत युवा संगम के सातवें चरण का आयोजन कर रहा है। मध्य प्रदेश कर्नाटक प्रतिनिधिमंडल, जिसके लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भोपाल नोडल संस्थान है, को 26 सितंबर को रवाना किया गया। यह प्रतिनिधिमंडल कर्नाटक की समृद्ध विरासत, परंपराओं, खान-पान, प्राकृतिक परिदृश्यों और सांस्कृतिक विविधता का अनुभव करने के लिए कर्नाटक का दौरा कर रहा है। पर्यटन, परंपरा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रौद्योगिकी ये स्तंभ प्रतिभागियों को सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, तकनीकी और विकास को जानने-समझने का अवसर प्रदान करेंगे।

देश की कला और विरासत को समझा

इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण 1 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल की कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के साथ हुई बातचीत थी। इस संवाद ने युवा प्रतिनिधियों को कर्नाटक की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानने तथा राष्ट्रीय एकता और लोगों के बीच आपसी संपर्क को मजबूत करने में युवाओं की भूमिका को समझने का अवसर प्रदान किया। सांस्कृतिक और शैक्षणिक अनुभव के तहत प्रतिनिधियों ने बीदर किला और भारतीय प्रबंधन संस्थान, आईआईएम बेंगलुरु का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने 30 सितंबर को पद्म-श्री से सम्मानित प्रसिद्ध बिदरीवेयर कलाकार श्री रशीद अहमद कादरी से भी मुलाकात की। इससे शिल्पकला, इसकी समृद्ध विरासत तथा भारत के पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व को समझा।

आपसी समझ और संस्कृति को जाना

प्रतिनिधियों ने गुरुद्वारा श्री नानक झीरा साहिब में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का अनुभव किया। इससे विविध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को जाना। यात्रा का उद्देश्य अनुभवात्मक अधिगम और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना और आपसी संपर्क को मजबूत करना है। यह पहल देश की सांस्कृतिक परंपराओं, शैक्षणिक संस्थानों, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र और विकासात्मक पहलों का अनुभव करने का अवसर प्रदान करती है।

तीन माह से बेटा गायब

संत प्रेमानंद के आश्रम के बाहर धरने पर बैठा हाथरस का परिवार

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

3 महीने पहले संत प्रेमानंद से प्रभावित होकर सादाबाद के गांव बरामनी निवासी 16 वर्षीय अनुज चौधरी की तलाश में जब स्वजन एक दिन पहले मिलने पहुंचे तो मिलने नहीं दिया। स्वजन के साथ ग्रामीणों ने अनुज से मिलवाने को धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। श्रीराधा केली कुंज के बाहर शुक्रवार को दोपहर साढ़े 12 बजे राजवीर चौधरी अपने बेटे अनुज चौधरी की तलाश में संत प्रेमानंद के श्री राधा केलिकुंज आश्रम आए तो बेटे से

मिलने नहीं दिया। राजवीर चौधरी ने बताया अनुज ने 26 जून को संत प्रेमानंद से दीक्षा ली और घर आ गया। इसके बाद तीन जुलाई को घर से संत प्रेमानंद के दर्शन की बात कहकर निकला और फिर नहीं लौटा, तो दो दिन बाद वे बेटे की खोज में वे केलिकुंज पहुंचे तो बेटे से मिलने नहीं दिया।

बंगाल के ट्रायल कोर्ट का मामला

सुप्रीम कोर्ट को जबरन सलाह दी, अब देना होगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह मामला पश्चिम बंगाल के एक ट्रायल कोर्ट के जज से जुड़ा है, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट को बिना मांगी सलाह देना भारी पड़ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके इस व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उनसे जवाब तलब किया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ) ने मई में एक विचाराधीन कैदी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत को 3 महीने के भीतर ट्रायल पूरा करने का आदेश

दिया था। आरोपी पिछले 5 साल से जेल में बंद था। तय समय समें ट्रायल पूरा नहीं हुआ, तो उत्तर 24 परगना के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (तीसरी अदालत) ने सुप्रीम कोर्ट के असिस्टेंट रजिस्ट्रार से और समय मांगा। पत्र के आखिर में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को 'जमानत कानून' सिखाना शुरू कर दिया।

मुंबई का जवाहर द्वीप

भारत का पहला प्लास्टिक मुक्त ऑयल टर्मिनल बना

मुंबई। पोर्ट अथॉरिटी ने जवाहर द्वीप मरीन ऑयल टर्मिनल को प्लास्टिक-मुक्त घोषित किया है। यह घोषणा महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मुंबई के इंदिरा डॉक के ग्रे गेट पर आयोजित स्वच्छता अभियान 2026 के दौरान की गई। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसका नेतृत्व किया। कार्यक्रम में मुंबई पोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष डॉ. एम. अंगमुथु, उपाध्यक्ष रवीश कुमार सिंह और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में उपराष्ट्रपति ने कहा

आर्थिक नीतियों को जमीनी वास्तविकताओं से जोड़ें

इस वैश्विक परिदृश्य में लचीली और समावेशी आर्थिक नीतियां होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में पांचवें कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत को ऐसी आर्थिक नीतियों की जरूरत है, जो लचीली, समावेशी और बदलती परिस्थितियों के प्रति उत्तरदायी हों। उन्होंने कहा कि आर्थिक लचीलेपन को सामाजिक लचीलेपन से अलग नहीं किया जा सकता और सच्चा लचीलापन तभी संभव है, जब कोई नागरिक, उद्यम या क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे न छूटे।

समावेशन को बताया अहम

'फ्लक्स के युग में लचीलापन' विषय पर आयोजित सम्मेलन में नीति निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मौजूदा दौर में आर्थिक नीतियों को जमीनी वास्तविकताओं से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के दौर में समावेशन लचीलेपन की नींव है।

नीति निर्माण में जमीनी वास्तविकताओं की समझ होनी चाहिए

इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ की विरासत का उल्लेख करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि 1952 में स्थापना के बाद से संस्थान विकास यात्रा से करीब से जुड़ा रहा है। ठोस नीति निर्माण जमीनी वास्तविकताओं की समझ पर आधारित होना चाहिए।

नई दिल्ली में 11वें संत ईश्वर सम्मान-2026 में शिरकत की

इसे निःस्वार्थ सेवा की भावना की स्वीकृति बताया

उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में मुख्य अतिथि के रूप में 11वें संत ईश्वर सम्मान में भाग लिया और समाज की अनुकरणीय एवं निःस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित व्यक्तियों तथा संगठनों को संत ईश्वर सेवा सम्मान प्रदान किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संत ईश्वर सम्मान निःस्वार्थ सेवा की भावना की स्वीकृति है।

पेट्रोल पंप पर मची अफरा-तफरी

सीएनजी भरवाते समय कार में धमाका, गाड़ी के उड़े परखच्चे

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

गुजरात में वडोदरा जिले के करजन में एक पेट्रोल पंप पर उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब वहां एक कार में सीएनजी भरते वक्त उसके पिछले हिस्से में अचानक धमाका हो गया। कार का टैंक फटने की वजह से यह धमाका हुआ, जिससे पंप पर मौजूद लोगों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। अच्छी बात यह रही कि उस वक्त कार के अंदर कोई नहीं था और न ही कार के करीब कोई खड़ा हुआ था, जिससे हादसे में किसी इंसान को कोई चोट नहीं लगी। घटना का वीडियो सामने

आया है। जिस कार में धमाका हुआ उसे और उसके आसपास खड़ी कुछ गाड़ियों को जरूर अच्छा खासा नुकसान पहुंचा है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि यह धमाका इतना जबरदस्त था कि कार की बॉडी कागज की तरफ फट गई और कार के पिछले हिस्से के पुर्जे और टूटे हुए शीशे कई मीटर तक दूर जा गिरे।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415